



दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-300 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 14 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ महाकुंभ का हुआ शुभारंभ

# लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी; संगम पर भारी भीड़

## हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए, जय श्री राम के जयघोष से गूंजा आसमान, 44 घाटों पर स्नान






प्रयागराज (ए)। भव्य महाकुंभ 2025 आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक एकता के जबरदस्त प्रदर्शन के साथ सोमवार को शुरू हुआ है। जिसने आज 144 वर्षों में एक बार देखी गई आध्यात्मिक भव्यता की याद ताजा कर दी। यहां देश और दुनिया भर से भक्तों का एक समूह न केवल जप, ध्यान और आध्यात्मिक तृप्ति के लिए एकत्र हुआ, बल्कि महाकुंभ की बेजोड़ सांस्कृतिक विरासत का अनुभव करने के लिए भी एकत्र हुआ। पौष पूर्णिमा पर सोमवार को पहला स्नान हुआ। दोपहर 4 बजे तक 44 घाटों पर डेढ़ करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। भक्तों पर हेलिकॉटर से 20 क्विंटल फूलों की वर्षा की गई। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है।देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं। भीड़ इतनी है कि 3700 लोग अपनों से बिछड़ गए। बाद में खोया-पाया केंद्र से अनाउंसमेंट कर ज्यादातर लोगों को उनके परिवार वालों से मिलवाया गया। हेलिकॉप्टर और एनएसजी कमांडो महाकुंभ में आए लोगों पर नजर रख रहे हैं। 60 हजार जवान सुरक्षा और व्यवस्था संभालने में लगे हैं। पुलिसकर्मी स्पीकर से लाखों की संख्या में आई भीड़ को मैनेज कर रहे हैं। जगह-जगह कमांडो और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं। सोमवार से ही श्रद्धालु 45 दिन का कल्पवास शुरू करेंगे। पवित्र नगरी प्रयागराज में संगम नोज समेत स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़ है। कई भक्तों को दिव्य वातावरण से अभिभूत, नम आंखों के साथ देखा गया। वहीं कई लोग प्रार्थना, अनुष्ठान और एकता की भावना में डूबे रहे। दो दिन पहले ही लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान करना शुरू कर दिया था, जो दर्शाता है कि 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए भीड़ के अनुमान को पार कर सकता है।शुरुआती दिनों में भारी भीड़ से पता चलता है कि इस साल का समागम पहले से कहीं ज्यादा बड़ा होगा। पौष पूर्णिमा पर, अपने गहन आध्यात्मिक अनुशासन के लिए जाने जाने वाले कल्पवासियों ने मोक्षदायिनी संगम में पवित्र डुबकी लगाई और 45 दिनों तक चलने वाले अपने आध्यात्मिक एकांतवास की शुरुआत की। कल्पवासी महाकुंभ अवधि के दौरान ब्रह्मचर्य, साधारण जीवन और नियमित प्रार्थना के सख्त व्रत का पालन करते हैं। उन्होंने न केवल अपने व्यक्तिगत आध्यात्मिक उत्थान के लिए बल्कि मानवता के कल्याण के लिए भी प्रार्थना की। इस वर्ष, महादेव की पूजा के लिए शुभ दिन सोमवार को पडने् वाले पौष पूर्णिमा के संयोग ने इस अवसर को आध्यात्मिक रूप से और भी महत्वपूर्ण बना दिया। संगम नोज समेत सभी प्रमुख घाटों पर डुबकी लगाते समय श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारे लगाते नजर आए। बिहार, हरियाणा, बंगाल, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए।महाकुंभ की भव्यता ने न केवल भारतीय श्रद्धालुओं, बल्कि दुनिया भर से आए पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। संगम घाट पर अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और आध्यात्मिक साधकों का तांता उत्सव में शामिल हुआ। दक्षिण कोरिया के कई यूट्यूबर इस दिव्य अनुभव को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए, जबकि जापान के पर्यटकों ने स्थानीय गाइडों से इस आयोजन के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझने की कोशिश की। सोमवार को रूस-अमेरिका समेत यूरोप के विभिन्न देशों से आए श्रद्धालु आस्था और एकता के इस महापर्व के साक्षी बने और डुबकी भी लगाई। कई अंतरराष्ट्रीय मेहमानों में स्पेन की क्रिस्टीना भी शामिल थीं, जिन्होंने महाकुंभ की भव्यता के लिए अपनी हार्दिक प्रशंसा व्यक्त की और इसे जीवन में एक बार होने वाला अनुभव बताया। उल्लेखनीय रूप से, इस वर्ष के महाकुंभ में अपेक्षित भीड़ कई देशों की आबादी को पार करने की उम्मीद है, जो इसे वास्तव में एक वैश्विक आयोजन बनाती है।



पारंपरिक पंजाबी पोशाक पहने छात्र अमृतसर में लोहड़ी का त्यौहार मनाने के लिए एकत्र हुए.

## खनौरी बॉर्डर पर 10 महीने से प्रदर्शन कर रहे किसान की मौत, डल्लेवाल की हालत नाजुक

खनौरी (आरएनएस)। एमएसपी समेत कई मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ खनौरी बॉर्डर पर किसानों का मोर्चा लगातार चल रहा है। इस बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां, मोर्चे में शामिल एक किसान की दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई। किसान नेता लखविंदर सिंह औलख ने बताया कि उक्त किसान जग्गा सिंह पिछले करीब 10 महीने से लगातार खनौरी बॉर्डर पर किसानों के चल रहे मोर्चे पर डटा हुआ था।अधरंग का दौरा पड़ने से बीमार हुए किसान की राजिंदरा अस्पताल पटियाला में इलाज दौरान मौत हो गई। मृतक किसान 80 वर्षीय जग्गा सिंह पुत्र दरबार सिंह निवासी गोदारा बाजाखाना जिला फरीदकोट के पार्थिव शरीर को खनौरी बॉर्डर पर लाया जाएगा, जिसके बाद उनके गांव में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मृतक किसान के पांच लड़के व एक लड़की है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 महीने से बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन दौरान कई किसानों की मौत हो चुकी है। शंभु बॉर्डर पर दो किसान आत्महत्या कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद के राज्य व केंद्र सरकार की कुंभकरनी नींद नहीं खुली है।

## नासिक मुंबई हाईवे फ्लाईओवर पर भीषण हादसे में 6 की मौत, सीएम फडणवीस ने जताया दुख

मुंबई (आरएनएस)। नासिक मुंबई हाईवे फ्लाईओवर पर टेम्पो और मिनी ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 5 लोग घायल हो गए, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना पर शोक जताया है।मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नासिक-मुंबई राजमार्ग पर हुए हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस हादसे में मृतकों के परिवार वालों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी और घायलों का खर्च सरकार उठाएगी। दरअसल, यह घटना रविवार शाम सात बजे अयप्पा मंदिर के पास हुई। 16 यात्रियों को लेकर एक टेम्पो निफाड़ में एक धार्मिक आयोजन से लौट रहा था।



## राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति धनखड़ ने देशवासियों को लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू त्योहारों की देशवासियों को बधाई दी है।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहु के शुभ अवसर पर मैं देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीय लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। ये पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा विविधता में एकता के प्रतीक हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में मनाए जाने वाले ये त्योहार प्रकृति के प्रति सम्मान को व्यक्त करते हैं। कृषि से जुड़े ये पर्व हमारे अन्नदाता किसानों के अथक परिश्रम के लिए उनका आभार व्यक्त करने के भी अवसर हैं। मेरी कामना है कि ये पावन पर्व प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और समृद्धि का संचार करें।वहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक्स पोस्ट पर लिखा, लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहु और पोंगल के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। ये पर्व हमारे देश के विविध क्षेत्रों में अनोखे ढंग से मनाए जाते हैं। फसल के मौसम का सम्मान करने की हमारी सदियों पुरानी परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। लोहड़ी और माघ बिहू की पवित्र लपटें सभी प्रतिकूलताओं को दूर कर दें, मकर संक्रांति की उड़ती पतंगें हमारे दिलों को उल्लास से भर दें, और पोंगल की पारंपरिक मिठास उत्सव और खुशी के क्षण लाए।

## सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालु क्षिप्रा जल से ही करेंगे पुण्य स्नान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### विश्व की पहली दो बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाएं मध्यप्रदेश में



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास कारवां निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 के सिंहस्थ में श्रद्धालु क्षिप्रा जल से स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के साथ उज्जैन में 614.53 लाख रूपये की सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व की पहली दो बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए साढ़े 12 हजार बीघा क्षेत्र में हरिद्वार की तरह विकास कार्य किये जायेंगे। सिंहस्थ-2028 साधु-संतों के लिये भी अविस्मरणीय होने वाला है, क्योंकि इस बार सरकार ने साधु-संतों और अखाड़ों को पक्के निर्माण के लिये भू-खण्ड देने का अभूतपूर्व निर्णय लिया है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री पाटिल ने उज्जैन को मिल रही सौगातों के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई और शुभकामनाएँ दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर बहनों को सुहाग की श्रृंगार सामग्री एवं साड़ियां और बच्चों को पतंगें भेंट की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में वर्ष-1967 के सिंहस्थ के बाद श्रद्धालुओं को मोक्षदायनी माँ क्षिप्रा के पवित्र जल में स्नान करने का पुण्य लाभ मिलेगा। क्षिप्रा नदी में पानी की कमी के चलते 1980 के सिंहस्थ में गंभीर का पानी लाया गया। इसी प्रकार 1992 और 2004 के सिंहस्थ में भी गंभीर का पानी क्षिप्रा में प्रवाहित किया गया। वर्ष-2016 के सिंहस्थ में मां नर्मदा का पानी क्षिप्रा में लाया गया। कुछ साधु-संतों का ऐसा कहना था कि जब हमें नर्मदा में ही स्नान करना था, तो हम ओंकारेश्वर में ही स्नान कर सकते थे। मैंने उनकी भावना को समझा और संकल्प लिया कि वर्ष- 2028 के सिंहस्थ में क्षिप्रा नदी के जल में ही सबको स्नान कराया जाएगा। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी और कान्ह क्लोज डक्ट परियोजनाओं से यह संकल्प पूरा होने जा रहा है।

# कोहरे की चादर में लिपटा मप्र, 5 डिग्री गिर गया तापमान

### - संक्रांति पर होगी कड़ाके की ठंड, वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण बदला मौसम



उज्जैन (आरएनएस)। सोमवार को अचानक से फिर एक बार मौसम ने करवट ली और मप्र के कई शहर और ग्रामीण क्षेत्र कोहरे में छीप गये। मौसम में आए बदलाव के कारण दिन के अधिकत्म तापमान में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज आ सकती है। सर्द हवा के कारण सिहरन बढ़ गई है। कोहरे के चलते ऐसा लगा मानो शहर धुआं-धुआं हो गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के चलते मौसम में बदलाव आया है। अब पहाड़ों पर फिर बर्फबारी को दौर शुरू होगा जिससे मकर संक्रांति के बाद एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ेगी। यहीं कारण है कि रविवार और सोमवार सुबह से कड़ाके की ठंड पड़ी। जिसके चलते गर्म कपड़ों में लिपटे होने के बावजूद लोगों को कंपकंपी छूटती रही। जगह-जगह अलाव जलते रहे जिसके आसपास लोगों का जमघट लगा रहा। साथ ही रेस्टोरेंट्स पर चाय की चुस्कियों के दौर चलता रहा।

## काशी विश्वनाथ में 11 जनवरी से 28 फरवरी तक स्पर्श दर्शन पर रोक

वाराणसी (आरएनएस)। प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत सोमवार से हो गई है। इसके चलते अब श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन भीड़ प्रबंधन के लिए सतर्क हो गया है। इस दौरान 11 जनवरी से महाशिवरात्रि के दो दिन बाद 28 फरवरी तक बाबा के स्पर्श दर्शन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर में 11 जनवरी से प्रोटोकॉल लागू है और 28 फरवरी तक स्पर्श दर्शन पूर्णता हर समय प्रतिबंधित किया गया है।

## मोबाइल बैटरी ब्लास्ट होने से बड़ा धमाका, दुकानदार बुरी तरह से घायल

बिजनौर (आरएनएस)। हाल ही में उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में चार्जिंग के दौरान मोबाइल बैटरी के ब्लास्ट होने का मामला सामने आया है। यह घटना अफजलगढ़ के सवाला गांव के मोबाइल रिपेयरिंग शॉप में हुई थी। मोबाइल ब्लास्ट के कारण दुकानदार मोहसिन बुरी तरह से घायल हो गया। इस पुरे भयावह हादसे का फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। घटना के बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर खुब वायरल हो रही है।जानकारी के अनुसार, दुकानदार मोहसिन अपने ग्राहक के खराब मोबाइल को रिपेयर कर रहा था। जिसके लिए उसने मोबाइल को चार्जिंग पर लगाया। मोबाइल को चार्जिंग पर लगाते ही एक बड़ा धमाका होता है। धमाका में बैटरी पुरी तरह से फट गई।

### तीसरी आंख




# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार पत्रकार श्री सिन्हा की स्मृति में 14 फरवरी को आयोजित होगा स्मृति समारोह

## आयोजन के लिए समिति की बैठक आयोजित हुई, जल्द ही गठित होगी चयन समिति

नर्मदापुरम (निप्र)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, पत्रकार स्व. विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को जो कार्यक्रम भोपाल में होते हैं वह नर्मदापुरम में होना एक अच्छी पहल है। मुझे उस कार्यक्रम में सम्मानित होने शामिल होने का मौका मिला है। वास्तव में अपने आप में एक गरिमामय कार्यक्रम होता है। उसे हम सब मिलकर नर्मदापुरम में आयोजित करेंगे। इसके लिए जल्द ही आयोजन समिति का गठन कर दिया जाएगा। यह बात पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने जनपद पंचायत के सभाहाल में आयोजित स्व. विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह समिति की बैठक में कही। इस अवसर पर दैनिक क्षितिज किरण पत्र समूह के प्रधानसंपादक केके सक्सेना, निदेशक विलक्षण सक्सेना, दैनिक क्षितिज किरण की भोपाल ब्यूरोचीफ श्रीमती भावना सक्सेना, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, तैराकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पियूष शर्मा सहित समिति के अनेक सदस्य मौजूद रहे। बैठक में केके सक्सेना ने आयोजन समिति के लिए संयोजक के पद डॉ सीतासरन शर्मा का नाम




प्रस्तावित किया जिसका समर्थन बलराम शर्मा ने किया। वहीं बलराम शर्मा ने आयोजन समिति के लिए अध्यक्ष के पद पर के.के. सक्सेना का नाम प्रस्तावित किया जिसका समर्थन नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा व समाजसेवी शरीफ राईन ने किया। डॉ शर्मा ने कहा कि आयोजन में मुख्यअतिथि कोई मंत्री या कोई वरिष्ठ पदाधिकारी को आमंत्रित किए जाने के लिए केके सक्सेना ही तय करेंगे। डॉ शर्मा ने समारोह की अध्यक्षता के लिए सांसद दर्शन सिंह के नाम का सुझाव रखा जिसे समिति के सभी सदस्यों ने एक मत से स्वीकार किया।

विलक्षण सक्सेना ने अवगत करया कि समारोह में हर वर्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, न्यायविद, कर्मठ प्रशानिक अधिकारी, पत्रकार, साहित्यकार, समाजसेवी व चित्रकार का चयन कर सम्मान किया जाता है। इसके लिए अलग अलग चयन समिति बनाई जाती है। डॉ शर्मा ने कहा कि नर्मदांचल में भी अनेक साहित्यकार, पत्रकार हैं। जिनके चयन के लिए जल्द ही समिति तय होगी। जो जल्द ही नाम तय करेगी।बैठक में शरीफ राईन ने कहा कि वास्तव में यह आयोजन गरिमामय आयोजन रहेगा। उसकी गरिमा बनाए रखना हम सबका कर्तव्य रहेगा।

बैठक में यादव समाज के नंद किशोर यादव, कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक विजय श्रीवास्तव, साहित्यकार पं गिरिमोहन गुरू, पत्रकार, तुकाराम यादवेश, श्याम राय, गजेंद्र राजपूत, हिना अली, कमल राव चव्हाण,खुश्बू मूलचंदानी, लोकेश तिवारी, अमित महाला सहित अनेक समिति सदस्य शामिल रहे समिति की बैठक का समापन राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ।



## विविध-समाचार

### करोंद में सरकारी जमीन पर काटी जा रही कॉलोनी पर चलाया बुलडोजर

भोपाल,(आरएनएस)। करोंद इलाके में सरकारी जमीन पर कब्जा कर काटी जा रही कॉलोनियों में शनिवार को नगर निगम ने बुलडोजर चला दिया। नगर निगम ने बुलडोजर में बनी सीसी रोड्स को जेसीबी मशीनों से उखाड़ दिया ओर बाउंड्रीवाल दहा दी। जिला प्रशासन अधिकारियों की अगुवाई और पुलिस बल की मौजूदगी में निगम अमले ने यह कार्रवाई की। निगम अमले ने अतिक्रमण विरोधी मुहिम के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में अवैध छप्पर, दुकानें और अन्य प्रकार के अतिक्रमणों को हटाया। अमले ने एक ट्रक रेत, गिट्टी और सात ट्रक अन्य प्रकार का सामान जब्त किया। इसके साथ ही बिट्टन मार्केट चौराहे से मनीषा मार्केट तक अतिक्रमण और अवैध निर्माण को भी हटाने की कार्रवाई की गई।

### प्रकृति के नियमों से खोजें सिंचाई के नए तरीके : मुख्य सचिव अनुराग जैन

भोपाल(आरएनएस)। जल और पर्यावरण पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन शनिवार को भोपाल में हुआ। आयोजन अमेरिकन सोसायटी ऑफ सिविल इंजीनियर्स के पर्यावरण एवं जल संसाधन संस्थान, जल संसाधन विभाग एंव अंत्योदय प्रबोधन संसथान के सहयोग से किया गया। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि प्रकृति का नियम है कि पानी ऊपर से नीचे आता है, इस नियम को ध्यान में रखते हुए इंजीनियर सिंचाई के तरीके खोजें। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटल ने भी संबोधित किया सम्मेलन में विश्व संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, भारत सहित विश्व के अन्य देशों के विशेषज्ञ शामिल हुए।

### मंत्रालय में अफसरों-कर्मचारियों को बताया-कैसे दें सीपीआर

भोपाल(आरएनएस)। मंत्रालय वल्लभ भवन, विंध्याचल एवं सतपुड़ा की सुरक्षा में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों को डॉ. राकेश भार्गव, डॉ. उमेश पटेल एवं डॉ. जेपी चौरसिया ने कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) संबंधी प्रशिक्षण देकर आवश्यक एवं जानकारी प्रदान की। सुरक्षा कर्मियों को बताया कि सीपीआर के किसी व्यक्ति को कैसे प्राथमिक उपचार देकर जीवनदान दिया जा सकता है। उसी के माध्यम से सीपीआर ट्रेनिंग देते हुए इस प्रक्रिया को सभी ने व्यवहारिक रूप से समझा ओर जाना कि आकस्मिक परिस्थितियों में यह कितना महत्वपूर्ण हे

### अब आईटी की रडार पर पूर्व आरक्षक सौरभ के रिश्तेदार

भोपाल, (आरएनएस)। पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके रिश्तेदारों के यहां बेनामी संपत्ति की भी जांच पड़ताल शुरु कर दी गई है। आयकर विभाग ने बैंक ट्रांजेक्शन संपत्ति खरीदी-बिक्री ओर विदेश दौरों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। जिस स्थान पर इनोवा कार मिली थी वह प्रापटी आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की मौसी सविता से जुड़ी है। सोरभ शर्मा की मौसी सविता ओर उनके बेटे-बेटियों के अलावा सौरभ शर्मा के मामा का भी इसमें बड़ी भूमिका सामने आई है। बताया जाता है कि कार को एकांत में ठिकाने लगाकर गोल्ड और कैश छिपाने की प्लानिंग में सविता हसवानी का बेटा विनय हसवानी भी शामिल था। इनसे जुड़े लोगों की डिटेल भी निकाली जा रही है। माना जा रहा है कि ये अपने लोगों के चेन बनाकर मनी लांड्रिंग ओर कैश की खेप इधर से उधर करने का काम करते थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल की टीम ने सौरभ के जीजा रोहित तिवारी जबलपुर, सहयागी शरद जायसवाल ओर चेतन सिंह गौर के ठिकानों पर छापेमारी कर 23 करोड़ रुपए की चल अचल संपत्ति जब्त की है।

### कॉलेज बस को टक्कर मारने वाला ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

भोपाल,(आरएनएस)। खजूरी थानांतर्गत स्थित भौंरी में पीपुल्स इंजीनियरिंग कॉलेज की बस को टक्कर माने वाले ट्रक के ड्राचयवर को पुलिस ने राजस्थान के झालावाड़ से हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि ड्रायवर सलीम खान दो दिन पहले ट्रक लेकर गल्ला (अनाज) लोड कर सीहोर मंडी भेजा गया था। वह यहां से अनलोड होने के बाद सांची दुग्ध संघ भोपाल जाने के लिए निकला था। इसके बाद ट्रक राजस्थान जाने वाला था। रास्ते में भौंरी के पास ओवरटेक करने के प्रयास में बस को जोरदार टक्कर मार दी थी। इस हादसे में विरसिंहपुर निवासी छात्र विनीत साहू (20) की मौत हो गई थी। गत दिवस पीएम के बाद उमरिया से आए उसके चाचा मनोज साहू को विनीत का शव सौंप दिया गया है। विनीत बीटेक सेंकड ईयर का छात्र था। इधर, हादसे में गंभीर घायल हुए छात्र विमल यादव और शिवम लोधी को ऑब्जर्वेशन मं रखा गया है। इस गंभीर हादसे में अन्य छात्रां को भी मामूली चोटें आई थीं।

### तार टूटने पर बाप-बेटे सहित पांच लोगों ने की ठेकेदार की हत्या

भोपाल (आरएनएस)। निशातपुरा के जनता नगर में गत दिवस पिता-पुत्र समेत पांच लोगों ने मिलकर पड़ोस में रहने वलो ठेकेदार के घर मं घुसकर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में ठेकेदार व उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां ठेकेदार की मौत हो गई। उमराव कॉलोनी करोंद निवासी इरफान अंसारी (32) कंस्ट्रक्शन ठेकेदार थे। इन दिनों उनके मकान में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। इरफान मकान में काम कर रहे थे। निर्माणाधीन मकान में सेंट्रंग प्लेटों को सहारा देने बल्लियां लगाई गई थीं। गत दिवस दोपहर एक बल्ली बाहर की ओर गिर गई। इससे पड़ोस में रहने वाले भैया उर्पु काले का बिजली का तार टूट गया। तार टूटने के बाद भैया काले ओर उसके बेटे अरशू ने हंगामा कर दियाा। उस समय मोहल्ले के लोगों ने समझाइश देकर मामला शांत करा दिया था।

### वाहनों में तोडफ़ोड़ करने वालों का निकाला जुलूस

भोपाल (आरएनएस)। अशोकागार्डन क्षेत्र में रात मे घर के बाहर खड़ी तीन कारों में तोडफ़ोड़ करने वाले तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने तीनों आरोपियों का जुलूस भी निकाला। एसआइ विजय बामरे ने बताया कि बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात का बदमाशों ने नवाब कालोनी में खड़ी तीन कारों में डंडों से तोडफ़ोड़ की थी। अगले दिन सुबह कालोनीवासियों को इसकी जानकारी हुई। शिकायत पर सीसीटीवी फुटेज देखे गए, जिसमें तीन आरोपियों को चिन्हित किया गया। पुलिस ने गत दिवस अशोका गार्डन निवासी इमरान, आसिफ और सोहेब को गिरफ्तार किया और शहर में जुलूस निकालकर जेल भेज दिया।

# कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना व सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना से क्षिप्रा में प्रवहमान होगा अविरल जल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री ने 32 मीटर गहरे बामोरा ग्राम स्थित शाफ्ट-3 में उतरकर निर्माणाधीन टनल का किया निरीक्षण**

**मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने की राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के उल्लेखनीय योगदान व राष्ट्र प्रेम की भावना की सराहना**




भोपाल,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए निर्माणाधीन कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्जन परियोजना का उज्जैन के ग्राम बामोरा स्थित 32 मीटर गहरे शाफ्ट-3 की निर्माणाधीन टनल में उतरकर कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता, समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्जन परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस योजना से हमारे कई वर्षों का संकल्प मूर्त रूप लेगा। इस परियोजना से कान्ह का दूषित जल क्षिप्रा के किसी भी तट पर नहीं मिलेगा। कान्ह नदी का पानी शुद्धिकरण के बाद गंभीर नदी के डाउन-स्ट्रीम तक पहुंचाया जाएगा जिससे किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी मिल पाएगा।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टनल में कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर कुशलक्षेम जानी**

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने टनल में उतरकर कार्यरत श्रमिकों से संवाद कर उनकी कार्यशैली, जीवन चर्या व कार्य का समय और उनकी कुशलक्षेम जानी। श्रमिकों ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव की सहृदयता व संवेदनशील व्यवहार देखकर उनसे खुलकर चर्चा की। श्रमिकों ने कहा कि वह माता क्षिप्रा को स्वच्छ करने वाली इस परियोजना के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर देश के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। इस बात पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने श्रमिकों के देश निर्माण में उल्लेखनीय योगदान व देश प्रेम की भावना की सराहना की। इसके पूर्व एसीएस डॉ. राजेश राजौरा के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.यादव, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल व नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव को योजना संबंधी सोमवार तक के कार्य प्रगति की जानकारी दी।कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का भूमि-पूजन भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जून 2024 में किया गया था। यह परियोजना सितंबर 2027 तक पूर्ण होगी। इसमें कार्य करने वाली एजेंसी द्वारा 15 वर्षों का संचालन तथा रख-रखाव का प्रावधान किया गया है। इससे क्षिप्रा नदी होकर सतत् प्रवहमान होगी। स्वच्छ व निर्मल इसमें कान्ह नदी का दूषित जल नहीं मिलेगा। उक्त परियोजना की कुल लंबाई 30.15 किमी होगी, जिसमें 12 किमी लम्बी टनल होगी व 18.15 किमी कट एंड कवर भाग होगा।कान्ह डायवर्जन क्लोज डक्ट परियोजना निर्माणाधीन है जिसके कट एंड कवर भाग में खुदाई एवं पीसीसी कार्य, टनल भाग में चार शाफ़्ट के माध्यम से वर्टिकल एवं हॉरिजॉन्टल खुदाई का कार्य एवं कास्टिंग यार्ड में प्री-कास्ट सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य प्रगतिरत है। परियोजना के शुरुआती 6.90 कि. मी. कट एंड कवर भाग में खुदाई एवं पीसीसी कार्य प्रगतिरत है। परियोजना अंतर्गत उपयोग में लाए जाने वाले प्री-कास्ट सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य ग्राम गंगेडी में स्थित कास्टिंग यार्ड में जारी है। प्री-कास्ट सेगमेंट्स को कास्टिंग यार्ड से परियोजना के एलाइनमेंट तक पहुंचाने एवं पीसीसी बेड पर रखने तथा आपस में जोड़ने का कार्य जल्द ही प्रारंभ होगा।परियोजना के टनल भाग अंतर्गत चार शाफ़्ट क्रमश: ग्राम पालखेड़ी, चिंतामन जवासिया, बामोरा एवं देवराखेड़ी में स्थित है। शाफ़्ट नंबर 01 एवं 02 में वर्टिकल खुदाई का कार्य प्रगतिरत है तथा शाफ़्ट नंबर 03 एवं 04 में वर्टिकल खुदाई पूर्ण की जा चुकी है एवं हॉरिजॉन्टल खुदाई का कार्य प्रगतिरत है। महापौर मुकेश टटवाल, रवि सौलंकी, संभागायुक्त संजय गुप्ता, एडीजीपी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भोपाल के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

भोपाल,(आरएनएस)।राज्य शासन ने भोपाल स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में 3 स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार मकर संक्रांति मंगलवार 14 जनवरी, रंग पंचमी बुधवार 19 मार्च और गणेश चतुर्थी बुधवार 27 अगस्त 2025 को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। भोपाल गैस त्रासदी बरसी दिवस बुधवार 3 दिसंबर 2025 केवल भोपाल शहर के लिए भी घोषित किया है।

## नए डॉक्टरों को पढ़ाया घाव मैनेजमेंट का पाठ

भोपाल, (आरएनएस)। एम्स भोपाल के जनरल सर्जरी विभाग ने घाव देखभाल और निगेटिव प्रेशर थेरेपी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें प्रभावी घाव प्रबंधन और रोगी देखभाल के आधुनिक तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य पेशेवरों को नवीनतम घाव देखभाल तकनीकों का ज्ञान और कौशल बढ़ाना था। कार्यशाला में कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने हिस्सा लिया और ज्ञान साझा किया। इनमें डॉ. रजनीश जोशी ओर जनरल सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रदीप सक्सेना शामिल थे, जिन्होंने उन्नत घाव देखभाल तकनीकी के महत्व पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि ऐसी कार्यशाला सतत चिकित्सा शिक्षा और कौशल संवर्धन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हे। उन्नत घाव देखभाल तकनीक जैसे, नेगेटिस प्रेशर, वून्ड थेरेपी, जटिल घावों के प्रबंधन, संक्रमण के जोखिम को कम करने और रोगी की तेजी से रिकवरी में क्रांतिकारी साबित हो रही है।

## टी.बी. उन्मूलन 2025 के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले : राज्यपाल श्री पटेल

**राज्यपाल ने विवेकाधीन निधि से एसोसिएशन को दिए एक लाख रुपये**

**राजभवन में एम.पी. स्टेट टी.बी. एसोसिएशन की हुई बैठक**




भोपाल, (आरएनएस)। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सरकार ने 2025 तक टी.बी. रोग के सम्पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। टी.बी. एसोसिएशन, रोग अभियान के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। टी.बी. के उपचार और जागरूकता से जुड़ी सभी गतिविधियां सतत् रूप से सघन स्तर पर की जानी चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने एम.पी. स्टेट टी.बी. एसोसिएशन की बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने टी.बी. उन्मूलन प्रयासों के लिए विवेकाधीन निधि से एसोसिएशन को 1 लाख रुपये प्रदाय किए हैं। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता भी मौजूद रहे।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि टी.बी. के उन्मूलन प्रयासों में जागरूकता सबसे ज़रूरी है। इसलिए दूरस्थ ग्रामीण अंचलों, झुग्गी बस्तियों, स्कूल और कॉलेजों में टी.बी. की जागरूकता गतिविधियों को लगातार जारी रखें। टी.बी. के इलाज के साथ ही मरीज़ों और उनके परिजनों की काउंसलिंग करें। उन्हें एडवाइज़री कार्ड भी प्रदान करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि एसोसिएशन, क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों को टी.बी. उन्मूलन प्रयासों की जानकारी दें। उन्मूलन के प्रयासों में सांसद और विधायकगणों का सहयोग लें। उन्होंने कहा कि टी.बी. उन्मूलन के लिये की जागरूकता गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। टी.बी. उन्मूलन प्रयासों में सहभागिता के लिए स्थानीय NGO और औद्योगिक संस्थाओं का भी सहयोग प्राप्त किया जाए। राज्यपाल श्री पटेल ने बैठक में टी.बी. मरीज उपचार प्रक्रिया, निक्षय मित्र, पोषण आहार वितरण की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने एसोसिएशन के प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, अनुदान, आय-स्त्रोत, निर्माण कार्य आदि की समीक्षा की। पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

## प्रस्तावित 16वें वित्त आयोग की तैयारियों की करें समीक्षा : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

**आयोग का 5 एवं 6 मार्च को प्रदेश दौरा प्रमुख सचिव वित्त ने दी तैयारियों की जानकारी**

भोपाल,(आरएनएस)।उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सोमवार को मंत्रालय में आगामी 5 एवं 6 मार्च को प्रस्तावित 16वें वित्त आयोग के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा को वित्त विभाग के अधिकारियों ने आयोग के दौरे की तैयारी की विस्तृत जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने निर्देशित किया कि बेहतर तैयारी करें, जिससे वित्त आयोग के समक्ष अपनी बात रखकर हम ज्यादा से ज्यादा बजट प्राप्त कर सकें।प्रस्तावित 16वें 5 सदस्यीय वित्त



आयोग का दल आगामी 5 मार्च से भोपाल दौरे पर रहेगा। वित्त आयोग अभी तक 15 राज्यों को दौरा कर चुका है।प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी ने बताया कि विभाग ने पिछले एक माह में 16वें वित्त आयोग के आने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा को बताया कि वित्त विभाग के सभी अधिकारी को मिनिट-टू-मिनिट की जिम्मदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से समन्वय बनाकर प्रेंजेन्टेशन की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर सचिव वित्त श्री लोकेश कुमार जाटव, संचालक बजट सुश्री तन्वी सुन्द्रियाल सहित वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### परीक्षाएं सिर पर हैं, शिक्षकों को अब देंगे पढ़ाने का ज्ञान

भोपाल (आरएनएस)। नौवीं से 12वीं तक की परीक्षाएं लगातार आयोजित की जाती रही हैं। अभी छमाही परीक्षा समाप्त हुई। वहीं दसवीं व 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा चार दिन बाद और नौंवी व 11वीं की वार्षिक व दसवीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा फरवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली है। ऐसे में अब स्कूल शिक्षा विभाग हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के शिक्षकों को विद्यार्थियों को पढ़ाने के तरीके बता रहा है। शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आदेश में लिखा है कि परीक्षा परिणामों में सुधार लाने की दृष्अि से जिले के प्रत्येक हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ मुख्य विषय के शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## कंपनी का नहीं चला बहाना, देनी होगी बीमा की राशि

भोपाल,(आरएनएस)। पत्नी की मृत्यु के बाद पति को बीमा क्षतिपूर्ति की राशि देने का आदेश जिला उपभोक्ता आयोग ने सुनाया है। इस मामले में एक व्यक्ति का पत्नी के साथ संयुक्त खाता था, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत बीमा लिया था। पत्नी की मृत्यु के बाद उन्होंने बीमा धन राशि के लिए दावा प्रस्तुत किया तो उसे निरस्त कर दिया। बीमा कंपनी का कहना था कि खाता उपभोक्ता के नाम का नहीं था। ऐसे में उन्हें बीमा राशि नहीं दी जा सकती। उपभोक्ता ने इस मामले की शिकायत जिला उपभोक्ता आयोग में की। आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल व सदस्य प्रतिदा पांडेय की बेंच ने उपभोक्ता के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए 530 रुपये प्रीमियम के बदले बीमा धन राशि दो लाख रुपये और आठ हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया। मामला भोपाल के रचना नगर का है। यहां के निवासी भास्कर कोरड़े ने भोपाल को-ऑपरेटिव सेंट्रल बैंक लिमिटेड और भारतीय जीवन बीमा निगम के खिलाफ याचिका लगाई थी। जिसमें शिकायत थी कि उपभोक्ता ने अपनी पत्नी के नाम पर प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत 30 मई 2015 को जीवन ज्योति बीमा पालिसी ली थी।

### राजधानी में ध्वस्त पड़ी सफाई व्यवस्था, लेकिन दावा स्टार रेटिंग का

भोपाल, (आरएनएस)। भोपाल नगर निगम का स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नंबर वन बनने का सपना पूरा होता नजर नहीं आ रहा। दरअसल शहर में सफाई व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है। इस बात का अंदाजा शहर की सबसे पॉश अरेरा कॉलोनी में साफ-सफाई व्यवस्था को देखकर लगाया जा सकता है, जहां शहर के अधिकांश सभी वीआइपी रहते हैं उधर सडकों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। सड़कें उधड़ी हुई हैं, जगह-जगह सीएंडी वेस्ट पड़ा हुआ है। यह देखकर कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली से सर्वेक्षण करने वाली टीम निगम को कितने नंबर देगी। शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र कहे जाने वाले एमपी नगर में तो और भी बुरा हाल है। यहां सड़कों पर बता पानी टूटे नाले ओर कचरे के ढेर शहर में सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। इसके अलावा 12 नंबर स्टाप नाले के बाहर लगाई गई वर्टिकल वाल को देखकर लग नहीं रहा कि आने वाले कुछ दिनों में सर्वेक्षण होने वाला है। यहां आपको लोग खुले में पेशाब करते हुए भी नजर आ जाएंगे।

## 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनना प्रशंसनीय है- मंत्री श्री पटेल

**सामाजिक, राजनैतिक सहित सभी को मिलकर जिले को नशामुक्त बनाना होगा**

भोपाल, (आरएनएस)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नरसिंहपुर जिले के करेली में 10 करोड़ रुपये की लागत से नव-निर्मित 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का लोकार्पण किया। यह नवीन अस्पताल भवन सनातनी मंदिर समिति करेली द्वारा प्रदत्त दो एकड़ की भूमि में बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान टीबी के मरीजों को फूड बास्केट का भी वितरण किया। मंत्री श्री पटेल ने इस दौरान नव-निर्मित अस्पताल का निरीक्षण भी किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि चिकित्सा सुविधा की बात होती है, तो हमें अतीत और भविष्य के बारे में भी सोचना चाहिये। चिकित्सा क्षेत्र में दिन प्रतिदिन जरूरतें बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि करेली शहर सनातनी धर्मादा ट्रस्ट राम मंदिर समिति करेली द्वारा दो एकड़ की भूमि अस्पताल के लिए देकर सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया है। इस भूमि पर 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बन जाना वास्तव में अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि करेली नगर सामाजिक सरोकारों के लिए जागरूक नगर है।मंत्री श्री पटेल ने कहा



कि जिले को टीबी मुक्त करने का संकल्प लेना होगा। टीबी की बीमारी से डरने की ज़रूरत नहीं है। भारत सरकार ने टीबी मुक्त भारत का संकल्प लिया है। हम सबको बिना डरे उस टीकाकरण का लाभ लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि गरीब, अमीर, स्वस्थ व्यक्ति और नशा नहीं करने वाला भी व्यक्ति कहीं न कहीं टीबी का शिकार हो सकता है। इसलिए टीबी की जांच करायें और इसका टीका लगवायें, इसमें कोई दिक्कत नहीं है। हमें इस कदम में आगे बढ़ना चाहिये। मंत्री श्री पटेल ने कहा है कि हमारे सामने दूसरी चुनौती, नौजवानों की नशे की लत है। हम सभी को इसकी चिंता करनी चाहिये। नशे के ख़िलाफ़ जागरूक होने के लिए हमें एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशे के विरोध में और नशा मुक्ति के समर्थन में है, उन सामाजिक, राजनैतिक और तमाम लोगों को मिलकर जिले को नशा मुक्त बनाना होगा। इस अस्पताल को बनाने में जो सक्रिय भागीदारी निभाई उनको धन्यवाद और शुभकामनायें। इस अवसर सांसद लोकसभा चौ. दर्शन सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, सनातन मंदिर समिति के प्रधान आचार्य शिवनारायण व समिति के अन्य सदस्य, पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अन्य अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे।

## गुस्साया युवक रतनजोत के बीज खाकर और कफन लेकर पहुंच गया थाने, जानें क्या थी इसके पीछे की वजह




सीहोर (ए.)। झूठा केस दर्ज करने से गुस्साया एक युवक रतनजोत के बीज खाकर और साथ में कफन लेकर थाना कोतवाली पहुंच गया। पुलिस भी युवक को इस हालत में देखकर हक्की-बक्की रह गई। युवक का कहना था कि आपने महिला के कहने में आकर मेरे खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज कर लिया है। इसमें आपसी समझौता हो गया था। युवक की हालत बिगड़ते देख पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा बयान दर्ज किए गए। फिर हालत लगातार खराब होते देख उसे हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात चाणक्यपुरी कॉलोनी निवासी जानी सोनकर अपने परिवार के साथ उज्जैन से लौट रहे थे। बताया जाता है कि स्थानीय बस स्टैंड पर उसकी कार की टक्कर शीतल कॉलोनी निवासी सीमा दीपक दुबे की कार से हो गई। इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई थी, लेकिन दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। दोनों पक्षों ने इस दौरान घटनास्थल पर ही अपनी अपनी कार की मरम्मत कराने की बात करते हुए मामले का आपसी समझौता कर लिया था। इसके बाद महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करा दी कि युवक ने उसे धमकाया और कार की मरम्मत कराने के लिए 50 हजार रुपए की मांग की।

एसआई मनोज मालवीय के अनुसार महिला ने थाने आकर बताया कि जानी ने उसके घर आकर जान से मारने की धमकी दी है और गाली गलौच की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जानी को अपना पक्ष रखने के लिए थाने बुलाया तो जानी को यह बात हजम नहीं हुई। गुस्साए जानी ने थाने आकर बताया कि वह रतनजोत के बीज का सेवन करके आया है।

### पार्षद के घर में घुसकर मारपीट का मामला, सीएम यादव के निर्देश पर एसआईटी गठित, 8 आरोपी गिरफ्तार

इंदौर(आरएनएस)। पार्षद के घर में घुसकर मारपीट मामले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एसआईटी गठित करने के आदेश दे दिए हैं। सीएम के आदेश के बाद पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी गठित की है, जो कि पार्षद विवाद मामले में जांच करेगी। एडिशनल डीसीपी को एसआईटी हैड बनाया गया है। 10 सदस्यीय एसआईटी बनाई गई है। सीएम ने सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए है। बता दें कि इंदौर में पार्षद कमलेश कालरा और पूर्व एमआईसी सदस्य जीतू यादव विवाद मामले में पुलिस ने अभी तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वही अभी तक पूरे मामले में 27 आरोपियों की पहचान कर ली गयी है। एक और पुलिस जीतू यादव समर्थकों की गिरफ्तारी कर रही है। तो वहीं दूसरी और बीजेपी ने भी कार्रवाई करते हुए जीतू यादव को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बताया जा रहा है की जल्दी ही इस मामले में पुलिस जीतू यादव को कभी भी गिरफ्तार भी कर सकती है, जीतू यादव पर पहले ही 11 आपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

## बाघों के बाद गिद्धों से भी गुलजार हो रहा रातापानी



मंडीदीप,(आरएनएस)। देश के हृदय स्थल मध्य प्रदेश को कुदरत ने भरपूर सौगातें प्रदान की हैं। यहां की पर्वत श्रृंखलाएं प्रकृति से भरपूर जंगलों की हरियाली बरबस की अपनी ओर आकर्षित करती है। हाल ही में रातापानी टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या ओर उनके संरक्षण के प्रयास परवार चढ़ रहे हैं। प्रकृति के सफाईकर्मी कहे जाने वाले गिद्धों के संरक्षण में भी रातापानी टाइगर रिजर्व अहम किरदार अंदा कर रहा है। टाइगर रिजर्व का दर्जा हासिल करने वाले रातापानी में एक दर्जन प्रजाति के गिद्ध पाए जाते हैं। अब मध्यप्रदेश में गिद्धों की गणना प्रारंभ होने वाली है वन विभाग के कारिंदे उम्मीद लगाए हुए हैं कि बाघों के साथ गिद्ध संरक्षण में रातापानी टाइगर रिजर्व पहला स्थान हासिल कर सकता है। वन विभाग के अनुसार यहां विभिन्न प्रजातियों के सैंकड़ों गिद्ध मौजूद हैं। बीते साल हुई गणना में लगभग 300 से अधिक गिद्ध थे। अब इनकी संख्या में ओर बढ़ोतरी दर्ज की गई हे। माना जा रहा है कि रातापानी में लाल गर्दन वाला रेड बैक सबसे विलक्षण प्रजाति का गिद्ध माना जा रहा है। यह प्रजाति मौजूद : रातपानी टाइगर रिजर्व में बड़ी संख्या में गिद्धों की उपस्थिति एवं विभाग द्वारा उनके संरक्षण के प्रयासों से यह विलुप्त प्रजातियों फल फूल रही हैं। इस वन में पाई जाने वाली प्रमुख प्रजातियों में रेड बेक्ड, लांग बिल्ड वल्चर, वियर डेड वल्चर, हिमालयन ग्रीफोन वल्चर, साइन रस वल्चर एवं इजिप्टियन वलचर प्रमुख हैं। यह सभी विलुप्त प्रजातियां हैं जो रातापानी टाइगर रिजर्व में सफारी के दौरान इनको देखकर पर्यटक आनंदित हो गए। वन मंडल को दाहोद रेंज के वन परिक्षेत्राधिकारी कार्तिकेय शुक्ला ने बताया कि रातापानी टाइगर रिजर्व में लगभग एक दर्जन प्रजातियों के गिद्ध पाए मौजूद हैं। सभी प्रजातियों को विलक्षण की श्रेणी में रखा गया है।

## शीश के दानी श्याम बाबा का सारे जग मे डंका बाजे

देवास (आरएनएस)। शहर के श्याम दिवानो ने एकादशी महोत्सव के रूप मे सबका प्यारा-श्याम हमारा का आयोजन एकादशी को अमृत नगर स्थित श्याम मंदिर मे हर्षोल्लास के साथ किया गया। एकादशी पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार फूलो से किया गया। पवित्र ज्योत प्रज्वलित कर 56 भोग भी लगाया गया। बाबा का अलौकिक श्रृंगार सभी भक्तों को अनायास ही अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। बड़ी संख्या मे उपस्थित श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। श्याम दिवानो ने बाबा खाटू श्याम की पवित्र ज्योत में आहुति देकर महाआरती मे शामिल हुए। आयोजन मे श्याम शर्मा, पार्षद गणेश पटेल, धर्मेंद्र सिंह बैस, अर्जुन चौधरी, राजेश कचोलिया, पीडी शर्मा, संजय शर्मा, रत्नेश बंसल, अशोक शर्मा सहित बडी संख्या में श्याम भक्तों ने श्याम प्रभु का आशीर्वाद लिया।

### अंग्रेजों के चाटुकार इतिहासकारों ने देश का गौरवशाली इतिहास दबाया : विजयवर्गीय

सिंगरौली,(आरएनएस)। प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को देश के इतिहासकारों पर करारा प्रहार करते हुए कहा है कि अंग्रेजों और वामपंथियों के चाटुकार इतिहासकारों ने देश के गौरवशाली इतिहास को इतिहास के पन्नों में दबा दिया, जिससे आज का नौजवान देश के वास्तविक गौरवशाली इतिहास से अभी भी अनजान बना हुआ है। विजयवर्गीय गत दिवस एक दिवसीय सिंगरौली जिले के प्रवास के दौरान नवनिर्मित जुड़वा तालाब पार्क में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप और शिवाजी जैसे वीर योद्धाआं का इतिहास बहुत कम पढने को मिलता है।

### अब विदेशों तक फैला साइबर ठगों का नेटवर्क

ग्वालियर(आरएनएस)। डिजिटल अरेस्ट करने वाले साइबर ठगों ने अपने देश की सीमा का लोभ दिया है। अभी तक छोटे-छोटे शहरों ओर जंगल या खेतों में बैठकर अपना नेटवर्क चला रहे साइबर ठगों ने अब विदेशों तक जाल फैला लिया है। ग्वालियर में बीएसएफइंस्पेक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर 70.24 लाख की ठगी के मामले में जांच कर रही पुलिस को ऐसे ही अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पता चला है। वह भी एक नहीं दो-दो देशों को अपना ठिकाना बनाकर ठगें ने पूरी घटना को अंजाम दिया था। जानकारी के अनुसार ग्वालियर में बीएसएफ इंस्पेक्टर से 70.24 लाख रुपये की ठगी मामले की जांच में पता चला कि रकम 35 बैंक खातों के जरिए ट्रांसफर की गई। इनमें से तीन खातों में आरटीजीएस से रकम ट्रांसफर की गई। बीएसएफजवान की ठगी ने कंबोडिया से फोन लगाया था। जवान को डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर खातों में राशि ट्रांसफर करवाई गई थी, उनमें से कई खाते दुबई स्थित बैंकों में संचालित हो रहे हैं।

## डाक विभाग प्रधानमंत्री के संकल्पों को साकार करने प्रतिबद्ध : ज्योतिरादित्य सिंधिया



गुना (आरएनएस)। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अथक प्रयासों से शनिवार को गुना में 'डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र' का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने फीता काट कर डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। यह केंद्र गुना संसदीय क्षेत्र की जनता को त्वरित एवं सुविधाजनक पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पासपोर्ट सेवाओं को व्यापक बनाने के उद्धेश्य से प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में 'पासपोर्ट सेवा केंद्र' स्थापित करने का निर्णय लिया है। विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर डाक विभाग उनके इस संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। गुना का पासपोर्ट सेवा केंद्र इसी प्रयास का एक हिस्सा है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने इसके अलावा गुना में जिला चिकित्सालय में बनने वाले 150 बिस्तरीय मातृ- शिशु अस्पताल के भूमिपूजन, जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र एवं एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला लैब के उद्घाटन कार्यक्रम को भी संबोधित किया। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना प्रवास के दौरान गुना के गेहूंखेड़ा गिर्द में 2.70 करोड़, किलामपुर में 3.10 करोड़ और बनेह में 2.6 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुए नवनिर्मित विद्युत सब स्टेशनों का लोकार्पण एवं 2.38 करोड़ की लागत से बनने जा रहे गुना औद्योगिक क्षेत्र विद्युत सब स्टेशन का भूमिपूजन किया।

## रविवार को मेले में उमड़ा जन सैलाब

### सैलानियों ने झूलों के साथ लजीज व्यंजनों का उठाया लुत्फ



ग्वालियर(आरएनएस)। ऐतिहासिक श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में रविवार को बड़ी संख्या में सैलानी मेला देखने पहुँचे। इस दौरान बच्चों व बड़ों ने विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया। वहीं खान-पान की दुकानों पर लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस साल पिछली साल की तुलना में कहीं अधिक विभागीय प्रदर्शनियाँ लगाई गई हैं। जिन्हें देखने रविवार को बड़ी संख्या में सैलानी पहुँचे। मेले में इस साल जनसंपर्क, कृषि विपणन बोर्ड, पशुपालन, औद्योगिक विकास केन्द्र, नगर निगम, पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय, उद्यान, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, मत्स्योद्योग व कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शनियां लगाईं गईं हैं। इनके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला बाल कल्याण स्वास्थ्य शिक्षा प्रसार समति, शारदा महिला मण्डल, एक देश एक आवाज इत्यादि संस्थाओं द्वारा भी अपनी-अपनी प्रदर्शनी लगाई गई हैं। सैलानियों ने प्रदर्शनी के अवलोकन के साथ-साथ शासन की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर व्यापार मेले में प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। युवा उत्सव के तहत मेले में कला रंगमंच पर शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखने के लिये बड़ी संख्या में बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी पहुँचे।

# व्यापार समाचार

## डॉलर के मुकाबले सबसे निचले स्तर पर पहुंचा रुपया, शेयर बाजार में भी भारी गिरावट; ये स्टॉक बिखरे

नई दिल्ली (आरएनएस)। सोमवार को भारतीय शेयर बाजार खुलते ही धड़ाम हो गया। रियल एस्टेट, फाइनेंशियल सर्विस और कंज्यूमर ड्यूरेबल स्टॉक तेजी से नीचे आ गए। वहीं रुपया भी इतिहास के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। आज भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आई। इसकी वजह अमेरिका में रोजगार का डेटा रहा। इसमें काफी मजबूती दिखी, जिसके बाद फेडरल रिजर्व द्वारा जल्द ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों पर पानी फिर गया। इससे भारतीय शेयर बाजार में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। वहीं, रुपया भी डॉलर के मुकाबले नए ऑल टाइम लो-लेवल पर पहुंच गया।

बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी शुरुआती कारोबार में करीब 1 फीसदी तक गिर गए। 30-शेयर ब्लू-चिप पैक से एशियन पेंट्स, जोमैटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील में अधिक गिरावट देखने को मिली।

घरेलू शेयर बाजार में सुबह करीब 11 बजे तक 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 276.02 अंक या 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,097.59 अंक पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 102.65 अंक या 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,328.85 अंक पर था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.44 प्रतिशत बढ़कर 80.91 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पूंजी बाजार में शुद्ध आधार पर 2,254.68 करोड़ रुपये बेचे।

वहीं, भारतीय रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 5 पैसे कमजोर होकर रिकॉर्ड निचले स्तर 86.20 पर खुला। विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, विदेशी पूंजी का निरंतर बाहर जाना और घरेलू इक्विटी बाजारों में नकारात्मक रुझान ने भी भारतीय मुद्रा पर दबाव बनाए रखा। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे गिरकर 86.04 पर बंद हुआ।

### भारतीय फिनटेक सेक्टर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा 'फंडेड इकोसिस्टम', 2024 में जुटाए 1.9 बिलियन डॉलर

बेंगलुरु (आरएनएस)। भारतीय फिनटेक सेक्टर ने 2024 में 1.9 बिलियन डॉलर जुटाए हैं। इसी के साथ अमेरिका और यूके के बाद देश के फिनटेक सेक्टर ने ग्लोबली तीसरे सबसे बड़े फंडेड फिनटेक इकोसिस्टम के रूप में अपनी पहचान बनाई। सोमवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।प्रमुख मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की तीसरी तिमाही वर्ष की सबसे अधिक फंडेड तिमाही रही, जिसमें 805 मिलियन डॉलर जुटाए गए, जो कि 2023 की तीसरी तिमाही की तुलना में 61 प्रतिशत की वृद्धि है।इसके अतिरिक्त, वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान कुल फंडिंग का 59 प्रतिशत सुरक्षित किया गया, जो कि वर्ष के अंत में रिकवरी का संकेत देता है। अगस्त फंडिंग के लिए सबसे मजबूत महीना रहा, जिसने 434 मिलियन डॉलर का योगदान दिया।ट्रैक्सन की सह-संस्थापक नेहा सिंह ने कहा, वैश्विक फंडिंग में मंदी के बावजूद, भारत का फिनटेक इकोसिस्टम लचीलापन और अनुकूलनशीलता प्रदर्शित करना जारी रखा। 2024 में दो नए यूनिकॉर्न और रिकॉर्ड आठ आईपीओ का उभरना चुनौतियों के बीच सेक्टर की क्षमता को दर्शाता।इस साल आठ आईपीओ और दो यूनिकॉर्न के साथ 26 अधिग्रहण हुए। सिंह ने कहा, जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, सेक्टर इन सफलताओं पर निर्माण करने के लिए तैयार है, फाइनेंशियल इंक्लूजन और इनोवेशन को बढ़ावा देते हुए फिनटेक स्पेस में ग्लोबल लीडर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है।

## शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स में 1048 अंक नीचे आया

### निफ्टी भी 345 अंक गिरा

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1048 अंक टूटकर 76,330 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 345 अंक नीचे आकर 23,085 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार बाजार में गिरावट दिसंबर में अमेरिकी नौकरियों में तेजी आने से आई है। इससे अमेरिका में 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 14 महीने के सबसे उंचे स्तर पर पहुंच गई। इससे 2025 में कम दरों में कटौती की संभावना और बढ़ गई, जिससे बाजार में निवेश की संभावन कम हुई है।

इसके अलावा 10 वर्षीय अमेरिकी बॉन्ड यील्ड बढ़कर 4.73 फीसदी हो गई, जो अप्रैल के बाद से सबसे अधिक है। इससे भी घरेलू बाजार पर दबाव आया है। मजबूत जॉब डेटा और सेवा क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन के बाद ऐसा हुआ है। विश्लेषकों को उम्मीद है कि जनवरी में फेड दरें बनाए रखेगा, जिससे डॉलर और मजबूत होगा और बॉन्ड यील्ड बढ़ेगी।



अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में तेजी से एफआईआई बिकवाली जारी रखेंगे। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई ) और विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने 2025 में बिकवाली का सिलसिला जारी रखा है। जिससे भी भारतीय बाजार पर दबाव आया है। तेल की कीमतें तीन महीने से ज्यादा के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। रूस पर व्यापक अमेरिकी प्रतिबंधों से बॉन्डभारत को कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी। ब्रेंट क्रूड वायदा 1.35 डॉलर या 1.69 फीसदी बढ़कर 81.11 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो 27 अगस्त के बाद सबसे ज्यादा है।

इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला। महंगाई के आंकड़ों, कमजोर ग्लोबल संकेतों और दिसंबर तिमाही के परिणामों को लेकर अनिश्चितता की वजह से बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 843.67 अंक गिरकर 76,535.24 और निफ्टी 258.8 अंक गिरकर 23,172.70 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशिया-प्रशांत के बाजारों ने हफ्ते की शुरुआत कमजोर की है। शुक्रवार को आए मजबूत अमेरिकी जॉब डेटा के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा जल्दी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गईं। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.84 फीसदी गिरा और कोरिया का कोस्पी भी 0.4 फीसदी की गिरावट पर है। जापान के बाजार सोमवार को छुट्टी के कारण बंद रहे। अमेरिका में शुक्रवार को शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज हुई। डाओ जोंस और नेस्डेक गिरावट के साथ बंद हुए। दिसंबर में अमेरिका में 2,56,000 नई नौकरियां जुड़ीं, जो 1,55,000 के अनुमान से कहीं ज्यादा थीं। बेरोजगारी दर भी घटकर 4.1 फीसदी रही। इस मजबूत जॉब डेटा के चलते ट्रेजरी यील्ड बढ़ी और 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 2023 के अंत के बाद अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई।

## एप्पल के लिए भारत में शानदार रहा 2024, 1 लाख करोड़ रुपये मूल्य वाले आईफोन हुए निर्यात

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते ट्रेंड के चलते, एप्पल ने कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत से 1 लाख करोड़ रुपये (1 ट्रिलियन) मूल्य के आईफोन निर्यात किए हैं।शुरुआती उद्योग अनुमानों के अनुसार, एप्पल ने पिछले साल 2024 में 12 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के आईफोन निर्यात किए, जो 2023 से 40 प्रतिशत से अधिक वृद्धि है।अनुमानों के अनुसार, एप्पल का घरेलू उत्पादन एक साल पहले की तुलना में लगभग 46 प्रतिशत बढ़ा है। क्यूपर्टिनो स्थित टेक दिग्गज ने पिछले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024) में भारत में 14 बिलियन डॉलर के आईफोन मैन्युफैक्चर और एसेंबल किए, जिसमें 10 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के आईफोन का निर्यात किया गया। इस बीच, एप्पल इकोसिस्टम ने चार



वर्षों में 1,75,000 नई प्रत्यक्ष नौकरियां भी पैदा की हैं, जिनमें 72 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं।

2024 भारत में एप्पल के लिए बेहतरीन रहा। इस तकनीकी दिग्गज ने निर्यात के साथ-साथ घरेलू बिक्री के नए रिकॉर्ड बनाए, जो प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते ट्रेंड, सरकार की पीएलआई योजना और एग्रेसिव खुदरा विस्तार से जुड़ी थी।

उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले एक साल में भारत में एप्पल के रणनीतिक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं और बाजार में इसका महत्व बढ़ा है।काउंटरपॉइंट रिसर्च में मोबाइल डिवाइस और इकोसिस्टम के शोध निदेशक तरुण पाठक के अनुसार, एप्पल ने युवाओं की पसंद का ख्याल रखते हुए एक मजबूत कंज्यूमर कनेक्ट स्थापित किया। कंपनी ने चैनल, मैन्युफैक्चरिंग के विस्तार के साथ मार्केटिंग कैंपेन पर भी खास ध्यान दिया और भारत में एक बड़ी हिस्सेदारी हासिल की।पाठक ने कहा, भारत में प्रीमियमाइजेशन, आसानी से उपलब्ध फाइनेंसिंग, प्रीमियम स्मार्टफोन की खरीदारी को बढ़ाता है। जिसके साथ एप्पल इस विशेष सेगमेंट पर ध्यान केंद्रित कर फायदा उठाता है।

## ग्लोबल स्मार्टफोन मार्केट ने 2024 में की शानदार वापसी, बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली (आरएनएस)। ग्लोबल स्मार्टफोन मार्केट में 2024 में बिक्री को लेकर सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक जबरदस्त वापसी हुई। सोमवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मैक्रोइकोनॉमिक सुधारों के बाद पिछले वर्षों की तुलना में कंज्यूमर सेंटीमेंट बेहतर रहा। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, इससे पहले 2023 में स्मार्टफोन की बिक्री एक दशक में सबसे कम रही।रिसर्च डायरेक्टर तरुण पाठक ने कहा, स्मार्टफोन एक जरूरी प्रोडक्ट बना हुआ है, जो लोगों के रोजाना की जिंदगी का एक अहम हिस्सा है। जैसे-जैसे मैक्रोइकोनॉमिक दबाव कम हुआ, बाजार ने 2023 की चौथी तिमाही से रिकवरी के संकेत दिखाने शुरू कर दिए और अब लगातार पांच तिमाहियों से बढ़ रहा है। यूरोप, चीन और लैटिन अमेरिका के नेतृत्व में लगभग सभी मार्केट में वृद्धि देखी गई। सैमसंग ने 2024 में बाजार का नेतृत्व करना जारी रखा। कंपनी की एस24 सीरीज और ए-सीरीज प्रोडक्ट लाइनों की मजबूत मांग बनी रही।

## रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 58 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ ही 86.62 रुपये पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में रुपये में गिरावट जारी रही। अस्थिर वैश्विक संकेतों के बीच मजबूत अमेरिकी मुद्रा के कारण वह 27 पैसे टूटकर 86.31 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव बना।

## अगले हफ्ते खुलेंगे पांच नए आईपीओ, आठ की होगी लिस्टिंग

मुंबइ (ए.)। इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) में निवेश के लिए इंतजार कर रहे निवेशकों के लिए खुशखबरी है। अगले हफ्ते पांच नए पब्लिक इश्यू लॉन्च होने वाले हैं। इसमें एक मेनबोर्ड और चार एसएमई आईपीओ होंगे।मेनबोर्ड कैटेगरी में लक्ष्मी डेंटल का आईपीओ 13 जनवरी को खुल रहा है और 15 जनवरी तक आम निवेशक इसमें बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 407 रुपये प्रति शेयर से लेकर 428 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।इस आईपीओ का इश्यू साइज 698.1 करोड़ रुपये होगा। इसमें 138 करोड़ रुपये फ्रेश इश्यू और 560.1 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल है। इसका अलॉटमेंट 16 जनवरी और लिस्टिंग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) एवं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 20 जनवरी को हो सकती है। इसके अलावा चार एसएमई आईपीओ भी खुल रहे हैं।


ईएमए पार्टनर्स इंडिया लिमिटेड का आईपीओ 17 जनवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 21 जनवरी को बंद होगा, जिसका प्राइस बैंड 117 रुपये से 124 रुपये प्रति शेयर के बीच है। इस इश्यू में 66.14 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 9.87 करोड़ रुपये का ओएफएस शामिल है।लैंड इमिग्रेशन कंसल्टेंट्स लिमिटेड का पब्लिक इश्यू 16 जनवरी को खुलेगा और 20 जनवरी को बंद होगा। इसका प्राइस बैंड 70 से 72 रुपये प्रति शेयर है। यह आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश इश्यू है, जिसका लक्ष्य 40.32 करोड़ रुपये जुटाना है। रिखव सिक्योरिटीज लिमिटेड भी 15 जनवरी को अपना आईपीओ लॉन्च करेगा, जो 17 जनवरी को बंद होगा। 88.82 करोड़ रुपये के इश्यू में फ्रेश इश्यू और ओएफएस शामिल है। इसका प्राइस बैंड 82 से 86 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है।काबरा ज्वेल्स लिमिटेड का आईपीओ 15 जनवरी को खुलेगा और 17 जनवरी को बंद होगा। इस आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 121 से 128 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इस इश्यू का साइज 40 करोड़ रुपये है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## परीक्षाओं पर संदेह का साया

*उत्तरी राज्यों में सरकारी नौकरियों में भर्ती की तमाम परीक्षाओं पर संदेह का साया घिरा हुआ है। पेपर इतनी बार लीक हुए हैं या इन्हें अदालतों ने रद्द किया है कि परीक्षाओं को लेकर अविश्वास का माहौल बनना लाजिमी है।बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा में शामिल हुए छात्र दोबारा इम्तहान की मांग को लेकर जिस ढंग से जान दांव पर लगाए हुए हैं, उसके कारणों को समझना बेहद जरूरी है।इसके दो प्रमुख आयाम हैं: पहला यह कि उत्तरी राज्यों में सरकारी नौकरियों में भर्ती के होने वाली तमाम परीक्षाओं की संदिग्ध हो चुकी है। पेपर इतनी बार लीक हुए हैं या गड़बडियों के आरोप में इन्हें इतनी बार अदालतों ने रद्द किया है कि परीक्षाओं को लेकर अविश्वास का माहौल बना चुका है।दूसरा पहलू समाज में अच्छे रोजगार के अवसरों का बेहद सिकुड़ जाना है। इस कारण सरकारी नौकरियां ही स्थिर करियर का एकमात्र आश्वासन रह गई हैं।बिहार एवं उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां निजी कारोबार में सम्मानजनक काम पाने की गुंजाइशें बेहद सीमित हैं, वहां इन नौकरियों को लेकर मारामारी मचने की मिसालें और भी ज्यादा देखने को मिल रही हैं। पटना की सड़कों पर बिहार के विभिन्न इलाकों से आए सैकड़ों छात्र दो हफ्तों से कड़ी ठंड के बीच बीपीएसी परीक्षा को दोबारा आयोजित करने की मांग इसलिए कर रहे हैं, क्यों उन्हें पेपर लीक का शक है।छात्रों ने परीक्षा में कई दूसरी तरह की अनियमितताओं के आरोप भी लगाए हैं। इनमें प्रश्न पत्र के स्तरहीन होने और कोचिंग संस्थानों के मॉडल सवालों के मेल खाने के इल्जाम शामिल हैं।आरोप है कि कई केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा और जैमर काम नहीं कर रहे थे। कुछ केंद्रों पर प्रश्न पत्र देरी से वितरित किए गए।परीक्षा से कुछ समय पहले भी ये छात्र पटना में इकट्ठा हुए थे। तब उनकी मांग थी कि सारे राज्य में एक ही दिन, एक ही समय, और एक ही प्रकार के प्रश्न पत्र पर इम्तहान लिया जाए।विरोध को देखते हुए अलग-अलग केंद्रों पर अलग परीक्षा आयोजित करने का इरादा बिहार लोक सेवा आयोग ने तब टाल दिया था। मगर परीक्षा के बाद दूसरे संदेह खड़े हुए।तो अब छात्रों की चिंताओं पर सहानुभूति से गौर किया जाना चाहिए। उन पर लाठी-डंडा या ठंडे पानी की बौछार चलाना कोई समाधान नहीं है, जैसाकि रविवार को हुआ।*




*जबलपुर में नर्मदा नदी के किनारे प्रवासी सीगल पक्षी आराम करते हुए.*

# आस्था और विश्वास का संगम है गंगासागर

**– रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। गंगासागर सिर्फ़ एक तीर्थस्थल नहीं है। यह भावना, संस्कृति, आस्था और विश्वास का संगम है। जीवन का उत्सव है। धर्म हमेशा से ही इस भूमि की संस्कृति में समाया हुआ है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।



मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरु हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं। मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं। जिन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रान्ति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। सुन्दरवन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान व ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग तथा छोटी छोटी नदियां, नहरें भी है। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगाजी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिये एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गयी थी। मन्दिर की मूर्ति अब कोलकाता में रहती है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा अर्चना के लिये मिलती है।गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे।

इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इस के बाद यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते है। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलत: सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हे अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हे शापित करते हुये अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्षों के बाद राजा सगर के पौत्र राजा भागीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भागीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होने कहा कि गंगा जल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है।

# मिल्कवीडः आत्मनिर्भर भारत का फाइबर

डीन कामेन

यह विचारशील उद्धरण सफलताओं के सार को रेखांकित करता है: जब चुनौतियां नए परिप्रेक्ष्यों से जुड़ती हैं और प्रौद्योगिकी नए समाधानों तक पहुंचने के सेतु का काम करती है। वस्त्र जैसे उद्योगों में, यह तालमेल पारंपरिक तरीकों में बदलाव ला रहा है, स्थिरता को बढ़ावा दे रहा है, और नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता और सहायक सरकारी नीतियां मिश्रित सामग्रियों में सुदृढीकरण के रूप में बास्ट फाइबर के उपयोग में तेजी ला रही हैं, ताकि बढ़ती आबादी की ज़रूरते पूरी की जा सकें। बास्ट फाइबरों का प्राकृतिक रूप से सड़नशील होना और उनकी प्रचुरता, पर्यावरण के अनुकूल नवाचार की ओर बदलाव को चिह्नित करते हुए उन्हें ऑटोमोटिव उद्योग, संरचनात्मक कंपोजिट, पल्पिंग और टेक्सटाइल में प्रयोग के लिए आदर्श बनाती है।

प्राकृतिक चमत्कार मिल्कवीड फाइबर, भारत के वस्त्र परिदृश्य में क्रांति लाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देने को तत्पर है। अपने आशाजनक गुणों, टिकाऊ खेती और किसानों की आजीविका को बढ़ाने की अपार संभावनाओं के साथ, मिल्कवीड बढ़ती आबादी के साथ वैकल्पिक फाइबर की अत्यावश्यक मांग का समाधान है, जो भारत के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप है।

मिल्कवीड का पौधा

मिल्कवीड की फली

मिल्कवीड कोई साधारण फाइबर नहीं है। इसके बीज की फली के भीतर लगे रेशमी, खोखले तंतुओं से प्राप्त, यह हल्का फाइबर असाधारण गुणों से युक्त होता है, जो इसे टिकाऊ सामग्रियों की तलाश में अग्रणी बनाता है। इसकी खोखली संरचना इसे उच्च संपीड़न और बेहतरीन थर्मल इन्सुलेशन प्रदान करती है, जिसका थर्मल मूल्य 100 प्रतिशत पॉलिएस्टर नॉनवॉवन (या बिना बुने कपड़े) से लगभग दोगुना है। मिल्कवीड को पॉलिएस्टर, ऊन, विस्कोस या कपास जैसे अन्य फाइबरों के साथ मिश्रित किए जाने पर, यह कपड़े की कोमलता, सांस लेने की क्षमता और गर्माहट को बढ़ाता है, जिससे न केवल आरामदायक बल्कि प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार होते हैं। फाइबर भौतिक गुणों की तुलना परीक्षण के मापदंड मिल्कवीड कपास पॉलिएस्टर ऊन थर्मल मूल्य (क्लो) 6.28 -3.35 1.17 नमी की पुन: प्राप्ति (प्रतिशत) 11 से 12 6.8 से 7.5 1.4 से 1.5 - घनत्व (ग्राम/सेमी) 0.89 से 0.90 0.3 से 0.4 1.2 से 1.3-मिल्कवीड की तकनीकी विशेषताओं के अतिरिक्त इसकी खेती भारत के कृषक समुदाय के लिए परिवर्तनकारी अवसर प्रस्तुत करती है। इस बारहमासी फसल को न्यूनतम इनपुट की आवश्यकता होती है। यह नाना प्रकार की मिट्टी की स्थितियों में पनपता है, और बदलती जलवायु के साथ सामंजस्य स्थापित कर लेता है। एक बार लगाए जाने के बाद, यह 10 साल तक उपज देता रहता है, और इसकी पैदावार में सालाना वृद्धि होती है। किसान प्रति एकड़ लगभग 1.5-2 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जो कपास जैसी पारंपरिक फसलों से होने वाली आय की तुलना में काफी अधिक है। यह न केवल वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करता है बल्कि संसाधन-गहन फसलों पर निर्भरता को भी कम करता है, जिससे यह एक टिकाऊ और आकर्षक विकल्प बन जाता है।

नॉनवॉवन फैब्रिक

(30प्रतिशत मिल्कवीड फाइबर सहित)

भारत में भेड़ों की आबादी 7.4 करोड़ से अधिक है और वह सालाना 3.69 करोड़ किलोग्राम कार्पेट-ग्रेड ऊन का उत्पादन करता है, लेकिन परिधान में इस्तेमाल होने वाले मेरिनो जैसे उत्तम ग्रेड के ऊन के लिए वह वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुसार लगभग 1,800 करोड़ रुपये मूल्य जितने आयात पर निर्भर करता है। घरेलू स्तर पर उत्पादित ऊन आम तौर पर बेहतर गुणवत्ता का नहीं होता है, जिससे अक्सर असुविधा होती है और यह त्वचा के अनुकूल नहीं होता है। जबकि पश्मीना ऊन, जिसका माइक्रोन मूल्य 20 से कम है, असाधारण गुणवत्ता का होता है, इसका उत्पादन सीमित है। सरकार की पश्मीना ऊन विकास योजना और एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम जैसी पहलों ने लद्दाख, जम्मू -कश्मीर और राजस्थान जैसे क्षेत्रों में भेड़ पालन, पश्मीना उत्पादन और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। यह क्षेत्र 35 लाख लोगों को आजीविका प्रदान करता है और वैश्विक बाजारों में भारत के ऊनी कार्पेट, कपड़ों और परिधानों के निर्यात को बढ़ावा देता है।मिल्कवीड-ऊन मिश्रण एक टिकाऊ समाधान के रूप में उभरा है, जो फाइबर की गुणवत्ता को बढ़ाते हुए आयात पर निर्भरता को कम करता है। उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (निटरा) द्वारा उद्योग जगत के हितधारकों के सहयोग से हाल ही में की गई प्रगति ने एक अभिनव 80:20 ऊन-मिल्कवीड मिश्रण की औद्योगिक व्यवहार्यता को प्रदर्शित किया है। यह मिश्रण थर्मल इन्सुलेशन, हल्के गुणों और कोमलता में 100 प्रतिशत ऊन से आगे निकल जाता है, जो इसे उच्च-स्तरीय और कार्यात्मक वस्त्रों के लिए प्रीमियम पसंद बनाता है।

मिल्कवीड की बहु उपयोगिता कई तरह के अनुप्रयोगों तक फैली हुई है। परिधान, घरेलू वस्त्र और स्वच्छता उत्पादों से लेकर विभिन्न उत्पादों में पारंपरिक फाइबर की जगह लेने की इसकी क्षमता अपार है। लद्दाख की अपनी यात्रा के दौरान, मुझे मिल्कवीड के रेशों से बने उत्पादों की असाधारण गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर मिला। मैंने इस फाइबर से बनी एक रजाई का परीक्षण किया और इसे बेहद गर्म और आरामदायक पाया ङ्क यहां तक कि मुझे किसी भी हीटिंग उपकरण का उपयोग करने की भी आवश्यकता नहीं पड़ी।

मैंने निटरा द्वारा विकसित एक टोपी और जैकेट को भी आज़माया, जिन्होंने पूरी यात्रा के दौरान मुझे बखूबी गर्म रखा।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा। आपको किसी से दूरसंचार द्वारा शुभ सूचना मिल सकती है।

वृष राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज व्यावसायिक काम समय पर बनते जाएंगे। विदेश संबंधी व्यवसाय में परिस्थितियां आपके अनुकूल होने के आसार हैं। आज ऑफिस में सहयोगियों की कार्यकुशलता से टारगेट समय पर पूरा हो जाएगा। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा न करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

मिथुन राशि : आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी। आज रोजमर्रा के कामों से हटकर कुछ नया सीखने में समय बीतेगा। प्रॉपर्टी या वाहन की खरीददारी में लाभ की बेहतर स्थिति बनेगी। अगर आप नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं, तो आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा।

कर्क राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। थोड़ी से बात पर परेशान होने के बजाय उसका हल ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको समाधान मिल जाएगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। आज आपके घर नन्हे मेहमान के आगमन का योग बन रहा है।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय में अतिरिक्त आय का साधन बनने वाला है। अगर आपका साझेदारी में बिजनेस करने का प्लान है तो ये डील आपके लिए फायदेमंद होगी। अधिकतर समय मार्केटिंग और बाहर की गतिविधियों में बीतेगा। इस राशि के सरकारी नौकरी में लोग अपने कार्यभार से संतुष्ट रहेंगे। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज ध्यान रखें कि अगर प्रयासरत कार्यों में समस्या आती है तो इसकी वजह आपकी एकाग्रता में कमी होगी। आज सम्मानित और प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आने से आपको कई नए विषयों की जानकारी मिलेगी। आज घर के लिए इलेक्ट्रॉनिक वस्तु की खरीदारी संभव है। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस-पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित काम हल होगा। आज नकारात्मक लोगों से दूर रहेंगे और आलस की स्थिति से बचेंगे तो आपको मानसिक सुकून मिलेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। इस समय नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे। ऑफिस में आपका प्रभुत्व बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोकझोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि : आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे। परिस्थितियों को गुस्से में हल न करें, धैर्य रखेंगे तो सब जल्दी ही ठीक हो जाएगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे। इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी ऑफिशियल यात्रा संभव है।

कुंभ राशि : आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका दिन खुशनुमा बीतेगा। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। सहकर्मी आपके काम की शिकायत कर सकता है।

मीन राशि : आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए है। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और इसमें आप सफल भी होंगे। पारिवारिक सदस्य की किसी उपलब्धि से घर में उत्सव का माहौल रहेगा। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा, जो भविष्य में अच्छा धन लाभ कराएगा।

# पूंजीवादी व्यवस्था और आदर्श समाज की स्थापना

**भारत डोगरा**

इतिहास के पृष्ठों में यह सवाल बार-बार उभरता रहा है कि किसी भी समय का कोई समाज आदर्श के कितना नजदीक या दूर रहा है, पर इसके बावजूद यह आदर्श समाज या देश कैसा होना चाहिए इसके बारे में मतभेद आज तक बने हुए हैं।

अनेक बड़े स्वार्थ और ताकतें अपने हितों के अनुसार इस आदर्श समाज की सोच प्रस्तुत करते हैं और फिर अपने संसाधनों के भरपूर उपयोग से इस सोच का ही प्रचार-प्रसार करवाते हैं और अनुचित को उचित, गलत को सही सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। इसका एक उदाहरण तो यह सोच है कि किसी एक देश का विश्व पर या बड़े क्षेत्र पर दबदबा या आधिपत्य उस देश का आदर्श है। इस तरह की सोच से किसी का भी भला नहीं होगा और बहुत सी हिंसा नाहक होगी पर शक्तिशाली देशों के असरदार व्यक्ति ऐसी सोच को तरह-तरह की आकषर्क शब्दावली में प्रस्तुत करते हैं तो उनका बहुत महिमा-मंडन किया जाता है क्योंकि शक्तिशाली और संसाधन संपन्नों को ऐसी सोच की जरूरत है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पूंजीवादी और साम्यवादी देशों में एक होड़ थी कि किस व्यवस्था को विश्व में अधिक लोग अपने आदर्श के रूप में देखें और अपनाएं। दोनों व्यवस्थाओं ने अपना खूब प्रचार किया पर अपनी भीतरी समस्याओं और विसंगतियों को दूर नहीं किया। अत: पूंजीवादी व्यवस्था में शोषण और विषमता, पर्यावरण विनाश और युद्ध को बढ़ाने की प्रवृत्ति बनी रही तो साम्यवादी व्यवस्थाओं में अपने ही लोगों पर अत्याचार हुए और इसका पर्याप्त विरोध भी वहां नहीं किया जा सका।

सोवियत संघ के विघटन के बाद चीन ने भी पूंजीवादी देशों से सहयोग का रास्ता ही अपनाया और ऐसा लगा और प्रचारित भी हुआ कि अब तो पूंजीवाद की ही जीत है पर इस तरह की बहुत अनुकूल स्थितियों के बाद सबसे शक्तिशाली देशों ने युद्ध की प्रवृत्ति को छोड़ा नहीं अपितु विनाशकारी युद्धों और हमलों में दुनिया को उलझा दिया। यहां तक कि इस कारण तीसरे महायुद्ध का खतरा भी सामने आ गया। आक्रामकता के साथ पूंजीवाद की स्व-विनाशकारी प्रवृत्तियां भी नजर आई और अनुकूल स्थितियों के रहते हुए भी प्रमुख पूंजीवादी देशों (जैसे अमेरिका और ब्रिटेन) में बड़ी संख्या में लोग बुनियादी जरूरतों को जुटाने तक के लिए संघर्ष करते हुए पाए गए हैं, जबकि आज जर्मनी भी अपनी बिगड़ती आर्थिक स्थिति के बारे में बहुत चिंतित हैं। अत: बहुत अनुकूल स्थितियां मिलने पर भी पूंजीवादी व्यवस्था आदर्श समाज की स्थापना व्यापक और दीर्घ स्तर पर करने में विफल है। कुछ छोटे देशों ने थोड़े समय के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त किए हैं, पर ये बहुत टिक नहीं पाए हैं (नार्वे, स्वीडन आदि देशों के अनुभव) और न ही ये पूंजीवाद की कुछ व्यापक विसंगतियों से बच पाए हैं। दूसरी ओर, पर्यावरण और छोटे किसानों के हितों की रक्षा न कर पाने, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक विपक्ष को उचित मान्यता न देने के कारण साम्यवादी व्यवस्थाएं भी अपनी इस मान्यता को तेजी से खो रही हैं जो उन्होंने बहुत से न्यायप्रिय व्यक्तियों के बीच एक समय प्राप्त की थीं। इन निराशाओं के बावजूद मनुष्य की आदर्श व्यवस्था के लिए तलाश जारी रहेगी और अधिक सार्थक परिणाम के लिए उसे पहले की गलतियों से सीखते हुए ही आगे बढना होगा। मौजूदा समय विशेष कठिनाइयों का समय है क्योंकि अनेक पर्यावरणीय समस्याएं एक साथ विकट होती जा रही हैं, युद्ध अधिक खतरनाक होते जा रहे हैं और हथियार अधिक विनाशकारी होते जा रहे हैं। यह समय बहुत सावधानी से सही मार्ग खोजने का है, और उसी राह पर आगे बढने का है।

इस स्थिति में यदि आदर्श समाज को इस तरह परिभाषित कर सकें जो सरल होते हुए भी तर्कसंगत हो और जिसे बहुत से लोग आसानी से समझ कर अपना सकें तो यह बहुत उपयोगी होगा। आदर्श समाज वह समाज है जो न्याय और समता, अमन-शांति और लोकतंत्र, पर्यावरण, सामाजिक संबंधों की प्रगाढ़ता, ईमानदारी, महिला-सम्मान, भेदभाव की समाप्ति और सभी जीवन-रूपों के लिए करुणा पर आधारित है। इन सभी जीवन-मूल्यों को स्थानीय स्थितियों के आधार पर अपनाना चाहिए और इस तरह आदर्श समाज का रूप विश्व में विभिन्न स्थानों पर कुछ अलग जरूर होगा पर फिर भी चूंकि बुनियादी जीवन-मूल्य एक ही हैं, तो इसमें बहुत समानता भी होगी। यह सोच एक स्तर पर सरल और सीधी-सादी है और यह ऐसा गुण है जिसके आधार पर इसे बहुत से लोग आसानी से अपना सकते हैं। पर अपने समाज की विशेष स्थितियों में जब लोग यह तय करने के लिए एकत्र होंगे कि न्याय और समता की राह क्या है, अमन-शांति की राह क्या है, तो इस बारे में बहुत से अलग-अलग विचार सामने आएंगे। इस तरह जो पहली नजर में सीधा-सरल लगता है, उसमें अनेक विवाद भी आ सकते हैं। फिर भी यदि इन जीवन-मूल्यों को सही भावना से अपनाया गया है तो कोई बड़ी कठिनाई नहीं आएगी। विवादों का समाधान हो जाएगा। अमन-शांति और लोकतंत्र की सोच को जिन्होंने भली-भांति अपना लिया है, वे थोड़ा-बहुत लड़-झगड़ कर भी अंत में इन बुनियादी सिद्धांतों पर आधारित आदर्श समाज अपनी स्थानीय स्थितियों के अनुसार बना ही लेंगे।

यदि इस तरह के प्रयास विश्व के विभिन्न देशों में होते रहेंगे तो विभिन्न देशों में इस तरह के जीवन-मूल्यों पर आधारित सोच आगे आ सकेगी और उसे विभिन्न देशों में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त हो सकेगा। इस तरह विभिन्न देशों में युद्ध और टकराव की संभावना को रोकने में मदद मिलेगी जो इस समय विश्व की बड़ी जरूरत है। इस व्यापक प्रयास से जुडने् का पहला कदम तो यही है कि इन विभिन्न सिद्धांतों के आधार पर यानी न्याय, समता, अमन-शांति, पर्यावरण रक्षा, सभी जीवों के प्रति करुणा आदि के आधार पर हम अपने आसपास के परिवेश को देखने-समझने लगें, और गंभीर रचनात्मकता से सोचने लगें कि इसमें कहां, क्या, किस सुधार की जरूरत है। इस तरह के नजरिए से अपने आसपास के समाज को देखना और समझना ही इस दिशा में पहला कदम है, और अपने आप में सामाजिक प्रगति भी है। यह रचनात्मक प्रयास हो सकता है, और शिक्षा व्यवस्था में इसे महत्त्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए। बड़ी बात है कि हम अपने परिवेश को, समाज को उसके जड़ रूप में ही न देखते रहें, बल्कि इस ओर अधिक ध्यान दें कि न्याय की दृष्टि से बेहतर संबंधों, अमन-शांति की दृष्टि से इसे किस तरह का होना चाहिए। यदि नई पीढ़ी यह सोचते-विचारते हुए, इस बारे में अपनी समझ बनाते हुए अपना जीवन जीएगी तो निश्चय ही एक बेहतर दुनिया बनाने में बहुत मदद मिलेगी। दुर्भाग्यवश शिक्षा सुधारों में प्राय: इस तरह की सोच को अधिक महत्त्व नहीं दिया गया है, पर यदि यह हो सके तो यह एक महत्त्वपूर्ण कदम सही दिशा में होगा।



## डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता, विदेश मंत्री एस जयशंकर जाएंगे अमेरिका

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता मिला है। निमंत्रण पर विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका जाएंगे। 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठक करेंगे।

विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेंगे।

इससे पहले अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से 5 दिन पहले बुधवार को ओवल ऑफिस से विदाई भाषण देंगे। 20 जनवरी को पद छोड़ने से पहले यह राष्ट्रपति के तौर पर अमेरिकियों और दुनियाभर के लोगों के लिए बाइडेन का अंतिम भाषण होगा, जो रात 8 बजे आरंभ होगा। वह सोमवार को विदेश मंत्रालय में अपने कार्यकाल की विदेश नीति पर केंद्रित एक भाषण देंगे।

## लॉ के छात्र पर जानलेवा हमला, 5 युवकों ने सुए से छेद डाला शरीर; डॉक्टरों को निकालनी पड़ी किडनी

नोएडा (आरएनएस)। ग्रेटर नोएडा प्रौद्योगिकी संस्थान में पांच युवकों ने एक लॉ के छात्र पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी एक किडनी निकालनी पड़ी है। वह अभी भी अस्पताल के आईसीयू में वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

नोएडा के एशियन लॉ कॉलेज में बीए एलएलबी द्वितीय वर्ष का छात्र कनव नेगी, जो मूल रूप से उत्तराखंड के गढ़वाल का रहने वाला है और नोएडा के सेक्टर 105 में रहता है, GNIT में सेमेस्टर एग्जाम देने आया था। एग्जाम से पहले वह अपनी कार में बैठकर तैयारी कर रहा था। तभी पांच युवक वहां आए और उससे उसका नाम पूछा। नाम पता चलते ही युवकों ने कनव के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया और फिर उसे कार से बाहर खींचकर बर्फ तोड़ने वाले सूजे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपियों ने छात्र के पेट, पीठ और कंधे पर कई बार सूजा घोंपा।हमले में कनव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया। सूजे के वार से उसकी एक किडनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे डॉक्टरों को निकालना पड़ा। छात्र की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वह आईसीयू में वेंटिलेटर पर है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया और उसके परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने छात्र के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश कर रही है।

## सरसों के तेल को लेकर पति-पत्नी के बीच तलाक तक पहुंच गई नौबत, फिर ऐसे हुआ समझौता

आगरा ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के आगरा में एक अनोखा मामला सामने आया है जहाँ घर में रखे सरसों के तेल को लेकर पति-पत्नी के बीच इतना विवाद हुआ कि बात तलाक तक पहुँच गई। पत्नी द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद, मामले को परिवार परामर्श केंद्र भेजा गया जहां काउंसलिंग के बाद दोनों के बीच समझौता कराया गया।

यह घटना आगरा के एक दंपत्ति से जुड़ी है जिनकी शादी साल 2020 में हुई थी। शादी के कुछ समय बाद, पत्नी ने पति से घर के खर्चों के लिए पैसे मांगने शुरू कर दिए। आरोप है कि पति अक्सर इस बात को टाल देता था। पैसों की तंगी से जूझ रही पत्नी ने घर में रखे सरसों के तेल को अपने मायके में बेचना शुरू कर दिया। जब पति को इस बात का पता चला तो दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया।विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी नाराज़ होकर अपने मायके चली गई और पिछले दो महीनों से वहीं रह रही थी। आखिरकार, पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद मामले को परिवार परामर्श केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया।परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि यह एक असामान्य मामला था। काउंसलिंग के दौरान, पत्नी ने बताया कि उसके पति उसे घर खर्च के लिए पैसे नहीं देते थे, जबकि पति ने बताया कि वह गाँव का रहने वाला है और उनके खेतों में सरसों की पैदावार होती है। पति का आरोप था कि जब वह घर में 2-3 लीटर सरसों का तेल लाता था, तो उसकी पत्नी उसे मायके ले जाकर बेच देती थी। पत्नी ने अपनी सफाई में कहा कि चूँकि उसके पति उसे खर्चे के लिए पैसे नहीं देते थे, इसलिए वह एक बार 2 लीटर तेल ले गई थी, और अब उसी बात को लेकर उसे तेल बेचने वाला कहा जा रहा है। काउंसलर डॉ. खिरवार ने बताया कि दोनों पक्षों को काउंसलिंग के दौरान समझाया गया और उनके बीच समझौता करा दिया गया है।

# पीएम मोदी ने सोनमर्ग सुरंग का किया उद्घाटन

## लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के बीच हर मौसम में रहेगी कनेक्टिविटी



श्रीनगर,(ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले को आज सोमवार को एक बड़ी सौगात दे दी है। दरअसल पीएम मोदी ने सोनमर्ग और गगनगीर को जोड़ने वाली सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन किया है। यह जेड-मोड़ टनल 8,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन किया। सुरंग के उद्घाटन से सोनमर्ग पर्यटकों के लिए पूरे साल खुला रहेगा। इसके साथ ही श्रीनगर से कारगिल-लेह तक की यात्रा का समय भी कम होगा। यहां बताते चलें कि सोनमर्ग सुरंग लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के बीच हर तरह के मौसम में सुगम और सुरक्षित कनेक्टिविटी को देखते हुए तैयार की गई है। इसे आज पीएम मोदी ने उद्घाटित कर जम्मू-कश्मीर समेत देश को एक बड़ा तोहफा दिया है। पीएम मोदी के कश्मीर दौरे से पूर्व घाटी में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ाते हुए सुरक्षा इंतजामों को सख्त कर दिया गया। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी आज सोमवार को गांदरबल जिले में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करने के लिए जम्मू-कश्मीर दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी की सुरक्षा टीम के एसपीजी कमाडों ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा का जिम्मा पहले ही संभाल लिया था। बताते चलें कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना सोमवार के उद्घाटन के लिए सुरक्षा तंत्र का हिस्सा बनी।

## झुग्गी के लैंड यूज बदलने को लेकर बढ़ा विवाद, एलजी की सफाई के बाद आप ने जारी किया पेपर



नई दिल्ली, (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने झुग्गी झोपड़ी मामले में दिल्ली के एलजी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने लैंड यूज चेंज करके झुग्गियों को तोड़ने का ऑर्डर जारी किया है। उनके बयान के बाद दिल्ली के एलजी का भी बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि यह पूरी तरह से गलत है और भ्रम फैलाया जा रहा है। इसके बाद 13 जनवरी को एक पेपर जारी करते हुए आम आदमी पार्टी ने कहा है कि एलजी का झूठ पकड़ा गया है। झुग्गी वाली जगह का लैंड यूज बदल दिया गया था। एलजी को अपने झूठ के लिए माफी मांगनी चाहिए।दरअसल, रविवार को ''आप'' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शकूरबस्ती के रेलवे झुग्गी कैंप का दौरा किया था। इस दौरान उनके साथ शकूरबस्ती से ''आप'' के प्रत्याशी सत्येंद्र जैन समेत अन्य नेता भी थे। यहां अरविंद केजरीवाल ने झुग्गियों में रह रहे लोगों से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि मेरा झुग्गी वालों से कोई चुनाव का रिश्ता नहीं है, मैं उनके पास चुनाव में वोट मांगने नहीं आता हूं। मैं उनके पास तब आता हूं, जब उनके ऊपर कोई मुसीबत होती है। दिसंबर 2015 में कोई चुनाव नहीं था। मैं रात को जब 2 बजे आया था, तब झुग्गी तोड़ने के लिए कई बुलडोजर खड़े थे।

## भारत ने सीमा पर बढ़ाई तैनाती तो भड़क गया बांग्लादेश, उच्चायुक्त को किया तलब

नई दिल्ली(आरएनएस)। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार हटने के बाद से ही भारत के साथ तनातनी बढ़ती ही जा रही है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर होने वाले हमले को लेकर भारत ने कई बार आपत्ति जाहिर की है। वहीं अब सीमा पर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (BGB) और बीएसफ के बीच तनाव बढ़ गया है। आम तौर पर भारत और बांग्लादेश की सरहद पर शांति रहती थी। हालांकि घुसपैठ, कंटीले तारों की बाड़ की वजह से तनाव की खबरें। इसी बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सीमा पर तनाव को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है।

यह घटनाक्रम बांग्लादेश द्वारा यह आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद सामने आया है कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। वर्मा को दोपहर लगभग तीन बजे मंत्रालय में प्रवेश करते देखा गया। विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ उनकी बैठक लगभग 45 मिनट तक चली। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की ओर से हालांकि चर्चा के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया, लेकिन अधिकारियों ने पुष्टि की कि उच्चायुक्त को तलब किया गया है।

बीते दिनों बीजीबी के एक कमांडर ने दावा किया था कि बांग्लादेशी सेना ने गोडालिया नदी के किनारे पांच किलोमीटर के इलाके पर कब्जा कर लिया है। इस बयान के बाद तनातनी की स्थिति बन गई थी। इसके बाद बीजीबी और बीएसएफ के अधिकारियों की फ्लैग मीटिंग बुलाई गई। बीएसएफ ने कहा कि बीजीबी के अधिकारी ने भ्रामक बयान दिया था। बीएसएफ ने उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया।




केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के कार्यान्वयन पर एनएचए, एमओएचएफडब्ल्यू और ओडिशा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में।

# इस्टीमेट मंगवा लीजिए, सरकार देगी इलाज का पैसा : सीएम योगी



गोरखपुर(आरएनएस)। कड़ाके की ठंड में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, तो उनके अस्पताल की इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को सीएम योगी ने आत्मीय संबल देते हुए कहा, पीजीआई लखनऊ से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनी और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

## मोतिहारी में 24 घंटे में 240 फरार आरोपियों के घर पहुंची पुलिस, चलाया कुर्की जब्ती अभियान

मोतिहारी (आरएनएस)। बिहार पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाए हुए है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने भी साफ शब्दों में अपराधियों पर लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने इसके भी संकेत दिए कि पुलिस एनकाउंटर से भी पीछे नहीं हटेगी। पुलिस के सख्त रवैए का असर जिलों में भी दिखना शुरू हो गया है।पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) पुलिस पिछले 24 घंटों में करीब 240 फरार अपराधियों के ठिकानों तक पहुंची। यह अभियान सोमवार को भी जारी है। पुलिस इन फरार अपराधियों की संपत्तियों की कुर्की जब्ती करने पहुंच रही है। इस अभियान का नेतृत्व खुद पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात कर रहे हैं।पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बातचीत के दौरान कहा कि न्यायालय से आदेश प्राप्त कर 24 घंटे से पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी जिलान्तर्गत पूरे जिले में कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जा रही है, जिसमें अब तक कुल 238 फरार अपराधियों के घर पुलिस पहुंची। कुर्की के क्रम में 32 घरों की कुर्की की कार्रवाई की गई, 39 अभियुक्तों ने कुर्की के भय से आत्मसमर्पण कर दिया। जबकि 32 फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया कि 48 कुर्की के फरार अभियुक्त मृत घोषित पाए गए तथा 61 जमानत अथवा रिकॉल जमा किए।

## पैसे दोगुना करने के बहाने महिला को फ्लैट में बुलाया, दोस्तों ने रखी पति पर नजर, फिर हुआ ये कांड

गुरुग्राम ,(आरएनएस)। हरियाणा के सोहना से एक बलात्कार का मामला सामने आया है। यहां पैसे दोगुना करने के बहाने महिला के साथ बार-बार रेप किया गया। बता दें कि आरोपी ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर महिला से 2 लाख रुपये की ठगी भी की।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि महिला अपने परिवार के साथ सोहना इलाके में एक किराए के मकान में रहती है। उसने बताया कि उसका एक पड़ोसी अक्सर उसके घर आता-जाता था और शेयर बाजार में पैसा लगाने पर उसे बढ़िया रिटर्न का लालच दिया करता था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया, आरोपी ने आठ महीने तक मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए। अपने दोस्तों की मदद से वे मेरे पति पर नजर रखते थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उसने पैसे मांगे तो आरोपी ने उसे अपने भाई के फ्लैट पर बुलाया, जहां दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायतकर्ता के हवाले से बताया कि आरोपी ने उसके पैसे लौटाने से इनकार कर दिया और धमकी दी कि अगर उसने दोबारा पैसे मांगे तो वह उसका अश्लील वीडियो शेयर कर देगा।

महिला ने बताया कि आरोपी ने दुष्कर्म का वीडियो बनाया और उसे ब्लैकमेल किया। शनिवार को मामला दर्ज कर महिला को मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया। सोहना सिटी थाने के एसएचओ प्रवीण कुमार ने बताया, जल्द ही उसके बयान दर्ज किए जाएंगे। आरोपी की तलाश के लिए टीम बनाई गई है। उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। एक अन्य घटना में उद्योग विहार थाने की पुलिस ने शनिवार को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कैथल जिले के गढ़ी गांव निवासी करण सिंह के रूप में हुई है। शुक्रवार को उद्योग विहार थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि रिलायबल ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्जी कंपनी बनाकर नौकरी दिलाने के नाम पर उसके साथ ठगी की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और शनिवार को आरोपी को उद्योग विहार इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पूछताछ के लिए कोर्ट में पेश किया गया और तीन दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है।

# भाजपा सरकार ने माफिया को संरक्षण दिया : संजय राउत



मुंबई ,(आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीड और परभणी जिलों में जो घटनाएं हुईं, वे चौंकाने वाली हैं।

राउत ने कहा कि भाजपा शासन में छोटे अपराधियों को फंसा दिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी को बचा लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार ने माफिया को संरक्षण दिया है और इसके पीछे उनके पार्टी के सदस्य वाल्मिकी कराड जैसे लोग हैं।

राउत ने कहा कि यह स्थिति एक प्रकार के माफिया राज जैसी हो रही है, जैसे शिकागो में हुआ था।

उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों के परिवारों के साथ धोखा हुआ और जिनके परिजन मारे गए, वे धीरे-धीरे सामने आकर अपनी बात रखेंगे।

राउत ने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें सभी को सुरक्षा देनी चाहिए, बजाय इसके कि वे मुख्य आरोपी को बचाने की कोशिश करें।

इसके साथ ही राउत ने स्पष्ट किया कि उन्होंने या शिवसेना के किसी भी नेता ने यह नहीं कहा कि इंडिया गठबंधन या महाविकास अघाड़ी टूट गई है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी विधानसभा चुनाव के लिए था, जबकि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा के साथ होते हुए भी शिवसेना ने स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ा।

राउत ने कहा कि महाराष्ट्र शांत तो है, लेकिन स्तब्ध है। बीड और परभणी में अशांति है, और राज्य में शांति लाने के लिए गुंडागर्दी को समर्थन देने का तरीका सही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि शांति तब ही आएगी, जब वाल्मिकी कराड जैसे लोगों को संरक्षण देना बंद किया जाएगा।

संजय राउत ने शनिवार को कहा था हमारी पार्टी मुंबई और नागपुर महानगरपालिका के चुनाव अकेले लड़ेगी।

उन्होंने कहा था यह फैसला लोकल लेवल पर पार्टी मजबूत करने के लिए लिया गया है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को मौका नहीं मिलता। ऐसे में हमें नगर निगम, जिला परिषद और नगर पंचायत में अपने दम पर लड़ना चाहिए और अपनी पार्टी को मजबूत करना चाहिए। इसी के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है।



*पश्चिम बंगाल में गंगासागर मेला 2025 में बीमार तीर्थयात्रियों को हवाई मार्ग से ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं.*

## दिल्ली एयरपोर्ट पर टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के साथ बदसलूकी, छूट गई फ्लाइट

नई दिल्ली(आरएनएस)। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो स्टाफ द्वारा बदसलूकी का आरोप लगाया है। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने सोशल मीडिया पर आपबीती बताते हुए इंडिगो और उसके स्टाफ के बर्ताव पर नाराजगी जताई है। उन्होंने काउंटर मैनेजर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और कहा है कि उन्हें ऐसा बुरा अनुभव पहले कभी नहीं हुआ।

क्या हुआ अभिषेक शर्मा के साथ?

अभिषेक शर्मा के अनुसार, वे समय पर सही काउंटर पर पहुंचे थे, लेकिन काउंटर मैनेजर ने उन्हें बेवजह दूसरे काउंटर पर जाने के लिए कहा। इस वजह से उनकी फ्लाइट छूट गई। उन्होंने विशेष रूप से काउंटर मैनेजर सुष्मिता मित्तल के व्यवहार को 'असहनीय' बताया है।अभिषेक ने बताया कि उनकी केवल एक दिन की छुट्टी थी, जो अब फ्लाइट छूटने के कारण बर्बाद हो गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इंडिगो की तरफ से उन्हें कोई मदद नहीं मिली।

# निक्की तंबोली ने गोल्डन गाउन में गिराई बिजली, एक्ट्रेस ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज



बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।टीवी एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने गोल्डन गाउन में अपने ग्लैमरस लुक से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. हाल ही में निक्की ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की, जिसमें वह बेहद आकर्षक लग रही हैं. निक्की ने डीपनेक गोल्डन गाउन पहना था, जो उनके स्टाइल को और भी स्टाइलिश बना रहा था. इसके साथ उन्होंने ग्लोइंग मेकअप किया और अपने खुले बालों में बेहद खूबसूरत पोज दिए. उनके किलर पोज और दिलकश लुक ने फैंस का दिल जीत लिया. इन तस्वीरों को देख फैंस उनके आकर्षक लुक और फैशन सेंस की तारीफ कर रहे हैं. निक्की की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं और उनके फैंस उनके इस लुक को लेकर काफी दीवाने हो गए हैं.बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली का हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। और आए दिन वो अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ाती रहती हैं।निक्की तंबोली अपने लुक्स से बी-टाउन की बड़ी-बड़ी हसीनाओं को मात देती हैं। अभिनेत्री निक्की तंबोली फैशनिस्ट से कम नहीं हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर लाइमलाइट बटौरता रहता है।

# धनुष की इडली कढ़ाई की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, पहला पोस्टर भी आया सामने

तमिल अभिनेता धनुष अपनी निर्देशित फिल्म इडली कढ़ाई के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। यह धनुष की निर्देशित चौथी फिल्म है। फिल्म में नित्या मेनन सह-भूमिका में नजर आने वाली हैं। फिल्म का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर जारी किया गया है।



फिल्म का शानदार पोस्टर साझा करते हुए धनुष ने फिल्म की रिलीज को लेकर घोषणा की है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर को उनके प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। इससे पहले भी धनुष फिल्म को कुछ पोस्टर साझा कर चुके हैं।

धनुष निर्देशित ये फिल्म तमिल भाषा में रिलीज होगी। अभिनेता धनुष ने अपनी फिल्म को लेकर जैसी ही घोषणा की, प्रशंसकों ने इस फिल्म को तेलुगू में रिलीज करने की मांग की। धनुष के प्रशंसक इस फिल्म को देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। धनुष इस पोस्टर में एक झोपड़ी की ओर जाते नजर आ रहे हैं।

प्रियंका, धनुष के निर्देशन वाली तीसरी फिल्म नीलावुकु एन मेल एन्नाडी कोबाम में नजर आएंगी। इस फिल्म से अभिनेत्री प्रियंका मोहन का पहला सिंगल गोल्डन स्पैरो अब यूट्यूब पर 50 मिलियन से अधिक व्यूज के साथ धूम मचा रहा है। अब अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए बताया है कि कैसे उन्हें ये गाना मिला।

# सनी लियोनी को लगता है भगवान उन्हें धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे



अभिनेत्री सनी लियोन जो फिलहाल मलेशिया में हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है जैसे भगवान उन्हें धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे हैं।

सनी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह डेक पर खड़ी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में बादलों से घिरा आसमान, समुद्र और रेत नजर आ रही है।

वीडियो में अभिनेत्री ने कुछ खास ब्यौरा नहीं दिया। कहा, हम्म, हां, हम कहां हो सकते हैं? यहां बहुत रहस्यमयी चीजें हो रही हैं।

इसके बाद उन्होंने एक रहस्यमय संदेश साझा किया, जिसमें लिखा था: मुझे लगता है कि भगवान मुझे धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे हैं। काश मुझे चेतावनी मिल जाती ताकि मैं मानसिक रूप से तैयार हो पाती।

सोशल मीडिया पर एक्टिव सनी ने शेयर किया कि 'रील बनाने के पीछे असल में क्या होता है।' उन्होंने रील बनाने के पीछे असल में क्या होता है का एक मजेदार बिहाइंड-द-सीन वीडियो पोस्ट किया।

सनी ने फोटो-शेयरिंग वेबसाइट पर एक वीडियो पोस्ट की। क्लिप में वह अपनी टीम के साथ रील के लिए पोज देती नजर आ रही हैं।

वह अपनी टीम की साथी से कहती सुनाई देती है, इसे छिपाओ।

जैसे ही सनी की टीम रील बनाने के लिए तैयार हो गई और उनके एक साथी ने मजाकिया अंदाज में गिनती शुरू कर दी। अभिनेत्री अपना सिर हिलाना शुरू करती हैं और फिर रुक जाती हैं।

सनी ने वीडियो को कैप्शन दिया: रील बनाने के पीछे वास्तव में क्या होता है।

सनी और उनके पति डेनियल वेबर ने नवंबर में अपनी शादी के 13 साल बाद फिर से शादी रचाई।

इस जोड़े ने 31 अक्टूबर को मालदीव में एक समारोह में अपनी प्रतिज्ञा को फिर से दोहराया।

इस दौरान उनके बच्चे निशा, नूह और अशर भी उनके साथ थे।

सनी की फैन फॉलोइंग भी जबरदस्त है। कुछ अटपटी घटनाएं भी इनके नाम पर अंजाम दी गई हैं। उनके नाम का इस्तेमाल कर एक धोखाधड़ी की वारदात ने भी सुर्खियां बटोरी थीं। 23 दिसंबर को एक व्यक्ति ने राज्य सरकार से 1000 रुपये प्रति माह प्राप्त करने के लिए अभिनेत्री के नाम का उपयोग किया था। वह राज्य की कल्याणकारी योजना महतारी वंदन योजना का लाभ उठा रहा था।


मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धोखेबाज ने राशि प्राप्त करने के लिए सनी के नाम का उपयोग किया क्योंकि यह योजना केवल विवाहित महिलाओं के लिए ही थी।

## बॉक्स ऑफिस पर अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2: द रूल का जलवा बरकरार, छठे शनिवार भी कमाए करोड़ों

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल पर्दे से उतरने का नाम नहीं ले रही है. फिल्म 5 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में आई थी और एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर दबदबा बनाए हुए है. छठे हफ्ते भी पुष्पा 2: द रूल का जलवा बॉक्स ऑफिस पर बरकरार है. अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म रिलीज के 38 दिन बाद भी हर रोज करोड़ों नोट छाप रही है.सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक पुष्पा 2: द रूल ने पांचवें हफ्ते घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1200 करोड़ क्लब में शामिल हो गई था. पांच हफ्ते (36 दिन) में फिल्म ने भारत में कुल 1215 करोड़ रुपए का कारोबार किया था. वहीं 37वें दिन फिल्म का कलेक्शन 1.15 करोड़ रुपए रहा. अब 38वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं जिसमें एक बार फिर पुष्पा 2: द रूल की कमाई में इजाफा हुआ है. पुष्पा 2: द रूल ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 38वें दिन 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है. इसी के साथ अब भारत में फिल्म ने कुल 1218.15 करोड़ रुपए कमा लिए हैं.

## अजय देवगन की आजाद का नया गाना अजीब ओ गरीब जारी, अरिजीत सिंह ने लगाए सुर

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने हाल में अपनी डेब्यू फिल्म के पहले सॉन्ग ऊई अम्मा से सबका दिल जीत लिया। अब इसी फिल्म का दूसरा गाना अजीब ओ गरीब रिलीज हुआ है। राशा और अजय देवगन की भतीजे अमन देवगन का ये गाना भी जबरदस्त हिट होता नजर आ रहा है। इस गाने में दोनों की केमिस्ट्री जबरदस्त है। जहां राशा के अंदाज ने दिल जीत लिया है, वहीं अमन के क्यूट एक्ट की जमकर तारीफ हो रही है।




इधर फिल्म आजाद का ये गाना रिलीज हुआ और उधर सोशल मीडिया पर तहलका मच रहा है। लोग इस गाने की तारीफें करते नहीं थक रहे। लोग केवल राशा और अमन की केमिस्ट्री की ही तारीफ नहीं कर रहे बल्कि इस गाने में जिस खूबसूरती से रेट्रो वाला लुक दिया गया है उसे देखकर भी वो दीवाने हो रहे हैं। वहीं काफी लोग तो बस अरिजीत की आवाज के ही मुरीज हुए जा रहे हैं।एक ने कहा- उफ्फ!!! रेट्रो वाली मेलोडी, क्या फील है गाने में, अरिजीत है तो बात ही अलग है। एक और ने कहा- अरिजीत की आवाज में रेट्रो टच, लाजवाब है। वहीं काफी लोगों ने राशा और अमन की खूबसूरत जोड़ी की तारीफ की है और कहा है- कास्ट करने वाले की दात देनी होगी। लोगों ने यहां तक कह दिया है कि ये इस साल का बेस्ट सॉन्ग है।बता दें कि इस खूबसूरत गाने अजीब ओ गरीब को आवाज दी है अरिजीत सिंह और हंसिका पारीक ने। वहीं अमिताभ भट्टाचार्य ने इस गाने के बोल लिखे हैं।इससे पहले इस फिल्म का एक और गाना ऊई अम्मा रिलीज हुआ, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। इस गाने में राशा थडानी के जलवा देख लोग दीवाने हो गए हैं और लगातार इसके बाद से उनकी चर्चा हो रही है। ये फिल्म आजाद 17 जनवरी, 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।


## अक्षय कुमार संग फिलम भूत बंगला में दिखेंगी तब्बू, एक्ट्रेस ने शुरू की शूटिंग

अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड हॉरर कॉमेडी भूत बंगला की शूटिंग शुरु हो गई है. दिलचस्प बात यह है कि हेरा फेरी में अक्षय कुमार के साथ नजर आने वाली एक्ट्रेस तब्बू 25 साल बाद इस फिल्म में उनके साथ स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं. एक्ट्रेस अपने आगामी प्रोजेक्ट भूत बंगला के लिए अक्षय कुमार और मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन के साथ फिर से काम करने के लिए तैयार हैं. ड्यून प्रोफेसी में अपनी परफॉर्मेंस से दिल जीतने वाली तब्बू अब हॉरर-कॉमेडी की शूटिंग शुरू करने जा रही हैं.

तब्बू ने फिल्म के सेट पर अपने पहले दिन की एक झलक शेयर की, जिससे फैंस काफी एक्साइटेड हो गए क्योंकि अक्षय और तब्बू 25 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे. वहीं प्रियदर्शन के साथ भी तब्बू 25 साल बाद कोलेब करने जा रही हैं. तीनों को कल्ट क्लासिक हेरा फेरी के लिए याद किया जाता है. तब्बू ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, हम यहां बंद हैं.

प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित, भूत बंगला का को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस, केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है. फिल्म की कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है और स्क्रीन प्ले रोहन शंकर, अभिलाष नायर और प्रियदर्शन ने लिखा है. इसके अलावा डायलॉग रोहन शंकर के हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो वामिका गब्बी अक्षय की फिल्म में शामिल हो गई हैं. भूत बंगला एक हॉरर कॉमेडी है जिसमें अक्षय तीन महिला कलाकारों के साथ एक जादूगर की भूमिका निभाएंगे. यह फिल्म काले जादू पर आधारित है.

# बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन धड़ाम से गिरी फिल्म गेम चेंजर, फतेह की कमाई भी घटी



राम चरम की गेम चेंजर ने भारत में पहले दिन 51 करोड़ की जबरदस्ती ओपनिंग की वहीं वर्ल्डवाइड इसने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई के साथ खाता खोला. लेकिन दूसरे ही दिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चित्त हो गई. जबरदस्त ओपनिंग के बाद उम्मीद थी कि दूसरे दिन राम चरण की पॉलिटिकल ड्रामा घरेलू कलेक्शन में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी लेकिन यहां तो हाल कुछ ओर ही है. आइए जानते हैं गेम चेंजर की दूसरे दिन की कमाई.राम चरण की फिल्म ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 57.84त्न की गिरावट देखी. पहले दिन फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 51 करोड़ के साथ खाता खोला लेकिन दूसरे दिन गिरावट दर्ज करते हुए फिल्म ने 21.5 करोड़ का कलेक्शन किया. इसके साथ ही फिल्म का दो दिनों का कलेक्शन 72.5 करोड़ हो गया है. फिल्म ने तेलुगु में 12.7 करोड़, तमिल में 2.12 करोड़, हिंदी में 7.5 करोड़ की कमाई की. गेम चेंजर के मेकर्स ने हाल ही में एक पोस्टर के जरिए बताया कि गेमचेंजर ने दुनियाभर में 186 करोड़ की ओपनिंग की है. इसी के साथ गेम चेंजर साल की पहली वर्ल्डवाइड 100 करोड़ पार करने वाली फिल्म बन गई है. अब देखना दिलचस्प होगा कि गेम चेंजर आगे कैसा प्रदर्शन करती है. गेम चेंजर के साथ सोनू सूद की फतेह रिलीज हुई है जो उतनी खास कमाई नहीं कर पा रही है. वहीं आने वाले दिनों में हिंदी में इमरजेंसी गेम चेंजर को टक्कर दे सकती है.गेम चेंजर एक पॉलिटिकल ड्रामा है जिसमें राम चरण डबल रोल में हैं. इसमें उनका मेन कैरेक्टर आईएएस अधिकार होता है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ता दिखाई दे रहा है. इसकी कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है वहीं शंकर ने इसका निर्देशन किया है. फिल्म 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है जिसमें राम चरण के साथ कियारा आडवाणी ने पहली बार स्क्रीन शेयर की है. गेम चेंजर तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई है.

# ज्यादा मोबाइल देखने वालों के लिए बड़ी खबर, तुरंत बदलें ये आदत, वरना कार्डियोवैस्कुलर का खतरा

आजकल हर किसी के हाथ में स्मार्टफोन दिख जाता है. यूं तो ये बहुत काम की चीज है लेकिन कुछ लोग इसे बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. अगर आप भी इनमें से एक हैं तो ये खबर आपके लिए ही है. अगर आपको भी ज्यादा फोन चलाने या देखने की आदत है तो इसे तुरंत बदल लीजिए. नहीं तो इससे आपको एक-दो नहीं बल्कि कई तरह की घातक और जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं. एक स्टडी के मुताबिक मोबाइल कॉल्स से हार्ड डिजीज बढ़ सकता है. इतना ही नहीं कैनेडियन जर्नल ऑफ कार्डियोलॉजी में पब्लिश एक रिसर्च के मुताबिक ज्यादा मोबाइल यूज करने वालों में 21 प्रतिशत तक कार्डियोवैस्कुलर का खतरा ज्यादा होता है. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से.

### 5 मिनट से 29 मिनट तक फोन चलाने पर क्या होता है?

रिसर्च में बताया कि एक दिन में 5 मिनट से 29 मिनट तक फोन चलाने वालों को कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 3 पर्सेंट का रहता है.

### आधे घंटे फोन चलाने पर ये होता है खतरा

एक दिन में 30 मिनट से 59 मिनट तक, स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने वाले लोगों को कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 7त्न परसेंट तक रहता है.

अगर 1 से 3 घंटे फोन चलाए तो क्या होगा ?


1-3 घंटे तक मोबाइल चलाने वालों के बीच में कार्डियोवैस्कुलर का जोखिम 13 परसेंट का रहता है.

4-6 घंटे फोन चलाने पर खतरा

अगर कोई 4-6 घंटे तक मोबाइल चलाता है तो उसमें कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 15 पर्सेंट तक रहता है. वहीं 6 घंटे से ज्यादा फोन चलाने वालों को यह खतरा 21 परसेंट तक रहता है.

### ज्यादा स्मार्टफोन इस्तेमाल करने के नुकसान

नींद से जुड़ी समस्याएं



मानसिक तनाव का बढ़ना

आत्मविश्वास की कमी

कंप्यूटर विजन सिंड्रोम

रीढ़ की हड्डी पर गंभीर असर

स्किन से जुड़ी समस्याएं

ज्यादा फोन चलाने से सेहत को क्या होता है नुकसान?

जो व्यक्ति ज्यादा एक्टिव नहीं रहते हैं और ज्यादा वक्त स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं उन्हें हार्ट और स्ट्रोक का खतरा का काफी ज्यादा बढ़ जाता है. वजन और प्रेशर कंट्रोल में भी रहे लेकिन हार्ट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा रहता है. उन्हें गंभीर इकोकार्डियोग्राफी बीमारी होती है. कम उम्र में मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज हो सकती है. न्यूरोडीजेनेरेटिव की बीमारी और दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा रहता है.

# पैरों में दर्द क्यों होता है? एक्सपर्ट ने बताई 5 वजह

बहुत सारे लोग अक्सर पैरों में दर्द की समस्या से परेशान रहते हैं. किसी को तलवे में तो किसी को पूरे पैर में दर्द रहता है. लोग अक्सर ये समझ नहीं पाते हैं कि पैरों में दर्द क्यों होता है? कई लोगों को खराब फिटिंग या ऊंची एड़ी वाले जूते पहनने से पैर में दर्द रहता है. तो किसी की मांसपेशियों के कमजोर होने की वजह से पैर दर्द रहता है. कुछ लोगों का वजन ज्यादा होता है उनके पैर में अक्सर दर्द करते हैं. वहीं कुछ लोगों की नौकरी ऐसी होती है जिसमें उन्हें लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है, उनके भी पैर अक्सर दर्द करते रहते हैं. शुगर और यूरिक एसिड बढ़ने पर भी एड़िया दर्द करती हैं. हेल्थ एक्सपर्ट ने पैरों में दर्द होने की 5 वजह बताई हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

### इन 5 कारणों से आपके पैरों में होता है दर्द

विटामिन बी12 और विटामिन डी की कमी

हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया कि जिन लोगों के शरीर में विटामिन ड्ढ12 और विटामिन डी की कमी होती है, उनके पैर अक्सर दर्द करते हैं. क्योंकि इन विटामिन्स की कमी होने के कारण नसों की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है.

### लगातार दर्द होने पर करें ये काम

अगर आपके पैरों में भी लगातार दर्द और है ऐंठन महसूस होती है तो आपको विटामिन बी12 और डी के स्तर को चेक कराना चाहिए. डॉक्टर के सुझाव पर आपको सप्लीमेंट्स और फूड्स को डाइट का हिस्सा बनना चाहिए

### बहुत ज्यादा इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज

जो लोग लंबे समय तक एक्सरसाइज नहीं करते हैं और अचानक से एक दिन उठकर बहुत ज्यादा एक्सरसाइज कर लेते हैं. उनके भी पैरों में दर्द हो सकता है. इसलिए अचानक से बहुत ज्यादा इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज ना करें. पहले धीरे-धीरे शुरुआत करें फिर इसे बढ़ाएं.

### मिनरल्स की कमी के कारण

जिन लोगों के शरीर में मिनरल्स की कमी होती है उनमें भी पैर दर्द की समस्या रहती है. आयरन की कमी के चलते रक्त संचार में रुकावट आती है. मैग्नीशियम और जिंक की कमी के चलते मसल्स में खिंचाव और दर्द होता है.

### पानी की कमी के कारण



पानी की कमी के कारण भी पैर दर्द करते हैं. डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी के कारण भी पैरों में दर्द हो सकता है. पानी की कमी के कारण रक्त संचार में रुकावट आती है, जो पैरों में दर्द का कारण बन सकता है. इसलिए दिन भर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है.

### नसों से जुड़ी समस्या

जिन लोगों को सायटिका की समस्या होती है उनके भी पैर दर्द करते रहते हैं. यह एक नसों से जुड़ी समस्या है जो पैरों में तीव्र दर्द का कारण बनती है,अगर आपको दर्द महसूस हो तो नसों के डॉक्टर से जरूर दिखाएं.

## चेक गणराज्य के रेस्तरां में लगी भीषण आग, 6 लोगों की मौत

प्राग (आरएनएस)। चेक गणराज्य के उत्तरी हिस्से में एक रेस्तरां में भीषण आग लगने की सूचना सामने आ रही है। आग इतनी भयानक थी कि इस हादसे में अब तक कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि छह अन्य गंभीर रूप से झुलस गये हैं। इन सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने रविवार को इस घटना के बारे में मीडिया से जानकारी साझा की है।

चेक गणराज्य के अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि यह हादसा प्राग के उत्तर में लगभग 100 किलोमीटर (63 मील) की दूरी पर स्थित मोस्ट शहर में हुआ। यहां 'यू कोजोटा' रेस्तरां में अचानक आग लग गई, जो आधी रात से पूर्व आग लगने के समय खुला था। पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि संभवत: आग का कारण गैस हीटर का पलट जाना था। आगू पर एक बजे तक काबू पाया जा सका और उसमें 60 से अधिक दमकलकर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी।

आग लगने के बाद 30 लोगों को सुरक्षित निकाला गया बाहर

इस आग में राहत और बचाव दलों ने कम से कम 30 लोगों को सुरक्षित बचा लिया। वहीं झुलसे लोगों को मोस्ट और आस-पास के शहरों के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मामले की जांच की जा रही है। रविवार सुबह मौके का दौरा करने के बाद गृहमंत्री विट राकुसान ने कहा कि रेस्तरां और समीप के एक अपार्टमेंट से करीब 30 लोगों को बाहर निकाला गया। मोस्ट के महापौर मारेक हर्वोल ने कहा कि यह शहर के हाल के इतिहास की सबसे बुरी त्रासदी है।

## बांग्लादेश ने बढ़ाई इस्लामाबाद से दोस्ती, पाकिस्तानियों के लिए वीजा को कर दिया सरल

लाहौर ,(आरएनएस)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने व्यापारिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए पाकिस्तान के लोगों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बना दिया है। पाकिस्तान में बांग्लादेश के उच्चायुक्त इकबाल हुसैन ने शनिवार को लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में व्यापारिक समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने वीजा जारी करते समय पाकिस्तानी दूतावास प्रमुखों के लिए बांग्लादेश से मंजूरी लेने की अनिवार्यता को हटा दिया है।हुसैन ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाना हमारी शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। हुसैन ने कहा कि मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार पाकिस्तान के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की इच्छुक है। बता दें कि बांग्लादेश ने यह फैसला ऐसे वक्त में लिया है, जब उसका भारत के साथ तनाव चरम पर चल रहा है। बांग्लादेश ने भारत के कई कार्यक्रमों को हाल ही में रद्द कर दिया था। वहीं दूसरी तरफ वह पाकिस्तानियों के लिए बाहें खोल रहा है।

पाकिस्तान बांग्लादेश में देख रहा बाजार

पिछले दशक के दौरान दोनों देशों के बीच संबंध संतोषजनक नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 करोड़ की आबादी वाला बांग्लादेश, पाकिस्तान के लिए एक बड़ा बाजार हो सकता है, जिसका वह लाभ उठा सकता है। राजनयिक ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक क्षमता का उचित इस्तेमाल नहीं हो सका है। अब पाकिस्तान इसका लाभ उठा सकता है। लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष मियां अबुजर शाद ने बताया कि 2023-24 में पाकिस्तान और बांग्लादेश का आपसी व्यापार 71.8 करोड़ डॉलर रहा है।

# आग से धधक रहा लॉस एंजेलिस! अब तक 24 की मौत, 12 हजार इमारतें खाक; 150 अरब डॉलर की संपत्ति खाक



वाशिंगटन ,(आरएनएस)। लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग से अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने कहा कि यह अमेरिका के इतिहास की सबसे विनाशकारी प्राकृतिक आपदा हो सकती है, जिसने हजारों घरों को भी तबाह कर दिया है। लॉस एंजेलिस के दो हिस्सों ईटन और पैलिसेड्स में पिछले 6 दिनों से आग धधक रही है। पैलिसेड्स फायर जोन में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई, वहीं ईटन फायर जोन ने 16 लोगों की जान ले ली।

लॉस एंजेलिस अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। 1990 के दशक में आने वाले ब्रिटिश टीवी शो किडी केपर्स के ऑस्ट्रेलियाई चाइल्ड एक्टर रोसी साइक्स की भी मौत हो गई है। यह पूर्व एक्टर अभी करीब 32 साल का था। पैलिसेड्स की आग करीब 23,600 एकड़ की जमीन पर फैल चुकी है। हालांकि इसके 11 फीसदी हिस्से पर काबू पा लिया गया है। वहीं ईटन की आग 14,000 एकड़ तक फैली है। इसके भी करीब 15 फीसदी हिस्से पर काबू पा लिया गया है। कैलिफोर्निया के सैन फरनैन्डो वैली में फायर टॉरनेडो भी देखा गया, जिससे आग काफी भड़क गई। आग की घटना से करीब 12 हजार से ज्यादा इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस कारण अब तक करीब 1 लाख लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अब तक 135 बिलियन डॉलर से 150 बिलियन डॉलर की आर्थिक क्षति का अनुमान है।

## पाकिस्तान को सिंधु नदी में मिला अरबों का खजाना, क्या मिटेगी कंगाली?


इस्लामाबाद,(आरएनएस)। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को नई उम्मीद देने वाली खबर सामने आई है। देश के सिंधु नदी में बड़ी मात्रा में सोने के भंडार की खोज हुई है। इस सोने का मूल्य लगभग 600 बिलियन



पाकिस्तानी रुपये (करीब 1.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर) आंका गया है। माना जा रहा है कि टेक्टोनिक प्लेटों के टकराव और नदी के बहाव के कारण सिंधु नदी में सोने के कण जमा होते रहे हैं। इस तरह से बड़ी मात्रा में सोने का भंडार बन गया है।कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए यह खोज किसी वरदान से कम नहीं है। इस सोने से सरकार को काफी राजस्व मिलेगा, जिससे देश का कर्ज कम करने और विकास कार्यों के लिए धन जुटाने में मदद मिलेगी। सिंधु नदी के अलावा, पाकिस्तान में बलूचिस्तान जैसे इलाकों में भी सोने और तांबे के बड़े भंडार हैं। रेको दिक खदान दुनिया की सबसे बड़ी तांबा-सोने की खदानों में से एक है।हालांकि, इस सोने के भंडार का दोहन करना आसान नहीं होगा। सरकार को सोने की मात्रा और गुणवत्ता का सही आकलन करना होगा, खनन की लागत और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना होगा, और इस धन का कुशलतापूर्वक उपयोग करने की योजना बनानी होगी।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला ने किया लंदन में बीएपीएस नेस्डन मंदिर का दौरा

लंदन(आरएनएस)। लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला ने लंदन के प्रसिद्ध बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर का दौरा किया। इसे नेस्डन मंदिर के नाम से भी



जाना जाता है। ओम बिड़ला की 11 जनवरी की यह यात्रा उनके आधिकारिक यूके दौरे का हिस्सा थी, जो हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर लिंडसे हॉयल के निमंत्रण पर आयोजित हुई थी।मंदिर में श्री बिड़ला का पारंपरिक हिंदू तरीके से स्वागत किया गया। यह स्वागत बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज की ओर से मंदिर के संतों ने किया।दौरे के दौरान, ओम बिड़ला ने मंदिर के पवित्र दर्शन किए और मूर्तियों का अभिषेक किया। उन्हें बीएपीएस के भारत में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों और यूके व यूरोप में हो रहे प्रेरणादायक विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें पेरिस, फ्रांस में बन रहा नया बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर भी शामिल है।फरवरी 2022 में, बिड़ला के नेतृत्व में भारतीय सांसदों का एक दल अबू धाबी में बन रहे बीएपीएस मंदिर के निर्माण स्थल पर गया था। उसी साल, ओम बिड़ला ने नई दिल्ली स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम में महंत स्वामी महाराज से भेंट की थी। इस अवसर पर ओम बिड़ला ने कहा, ये मंदिर केवल आध्यात्मिक, धर्म और संस्कृति की ही प्रेरणा नहीं देता, बल्कि मानवता की सेवा की प्रेरणा भी देता है। बीएपीएस संगठन ने दुनिया के अंदर भारतीय धर्म और संस्कृति को पहुंचाने के काम किया।बीएपीएस यूके के ट्रस्टी संजय कारा ने कहा, हम ओम बिड़ला के आभारी हैं कि उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच मंदिर का दौरा किया। यह हमारे लिए गर्व का क्षण था और भारत व यूके के बीच संबंधों को और मजबूत करने का अवसर भी था।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में फिर ढह गई कोयला खदान, 2 खनिकों की गई जान

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है। यहां कोयला खदान ढहने से दो खनिकों की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर इस क्षेत्र में इस तरह की यह दूसरी घटना है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, यह घटना हरनई जिले के खोस्त इलाके में हुई है। क्वेटा के पास संजदी इलाके में कोयला खदान के ढहने से 11 खनिकों की मौत की घटना के दो दिन बाद यह घटना सामने आई है। वर्तमान में, अधिकारी संजदी खदान से शवों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं। दरार के बाद ढहा खदान का एक हिस्सासंजदी इलाके में हुई घटना के बाद अब हरनई जिले के खोस्त कोयला क्षेत्र में स्थित एक खदान में दरारें आ गईं और खदान का एक हिस्सा ढह गया। जिस समय यह घटना हुई, आठ खनिक खदान में ही थे। खदान ढहने के तुरंत बाद छह खनिकों को बचा लिया गया। हालांकि, दो खनिकों की मौत हो गई और बाद में उनके शव बरामद किए गए। खान एवं खनिज विभाग ने खोस्त में खदान को बंद कर दिया है और घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

## अल-कादिर मामला : इमरान खान और बुशरा बीबी के खिलाफ तीसरी बार टला फैसला, जानें अब क्या थी वजह



इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान की एक अदालत ने 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ सोमवार को अपना फैसला तीसरी बार टाल दिया। इस्लामाबाद स्थित भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने अब फैसला सुनाने की नई तारीख 17 जनवरी निर्धारित की है। भ्रष्टाचार-रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को सुनवाई पूरी कर ली थी लेकिन फैसला 23 दिसंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। बाद में उन्होंने फैसला सुनाने की नई तारीख छह जनवरी तय की। न्यायाधीश राणा छह जनवरी को छुट्टी पर थे, इसलिए निर्णय 13 जनवरी के लिए टाल दिया गया था। आज न्यायाधीश ने एक बार फिर आरोपी के अदालत में पेश नहीं होने का हवाला देते हुए फैसला 17 जनवरी के लिए टाल दिया।

### पीटीआई और सरकार के बीच चल रही है बात

देखने वाली बात यह है कि, यह स्थगन ऐसे समय आया है जब सरकार और खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के बीच पूर्व प्रधानमंत्री और कई अन्य नेताओं के कारावास के कारण देश में राजनीतिक अस्थिरता को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। अब तक दो दौर की वार्ता हो चुकी है और इस सप्ताह एक और दौर की वार्ता होने की उम्मीद है। यह स्पष्ट नहीं है कि इस निर्णय का अगले दौर की वार्ता पर कोई प्रभाव पड़ेगा या नहीं। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने दिसंबर 2023 में खान (72), बीबी (50) और छह अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उन पर राष्ट्रीय कोष को 19 करोड़ पाउंड का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में खान और बीबी पर मुकदमा चलाया गया क्योंकि रियल एस्टेट कारोबारी सहित अन्य सभी आरोपी देश से बाहर हैं।



# चैंपियंस ट्रॉफी तक रोहित को ही कप्तान बनाये रखना चाहती है बीसीसीआई : रिपोर्ट

## भविष्य में बुमराह को मिल सकती है जिम्मेदारी

मुंबई (ए)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को अगले माह होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी तक भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनाये रखना चाहता है। एक रिपार्ट के अनुसार बोर्ड का मानना है कि टूर्नामेंट के ठीक पहले कोई बड़ा बदलाव करना ठीक नहीं है। वहीं भविष्य के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम का अगला कप्तान बनाया जा सकता है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम को मिश्रित परिणाम मिले हैं। इसमें साल 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान घरेलू मैदान पर लगातार 10 मैचों की जीत भी शामिल है। इसके अलावा उसे टी20 विश्वप में जीत मिली। उनकी कप्तानी में ही टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में भी पहुंची हालांकि वहां उसे हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर उसे 3-0 से टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा।



रोहित के लिए इस साल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में रोहित ने आठ मैचों और 15 पारियों में 10.93 की औसत से केवल 164 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 52 रहा। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान वह तीन टेस्ट मैचों में केवल 31 रन ही बना सके जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 10 रहा।

इस साल की शुरुआत से ही रोहित की कप्तानी में टीम छह मैच हारी है। इसमें चार मैच धरेलू धरती पर हुए थे। इससे साफ है कि कप्तान के रूप में रोहित का टेस्ट रिकॉर्ड खराब हुआ है। उसे 12 मैचों में जीत जबकि 9 में हार का सामना करना पड़ा। वहीं तीन मुकाबले ड्रॉ रहे। वहीं दूसरी ओर बुमराह ने अब तक तीन टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए उसे एक में जीत दिलायी है। एक जीता और दो हारे हैं। अब जबकि भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी खेलने है और उसमें देखना होगा कि भारतीय टीम को प्रदर्शन कैसा रहता है। रोहित कप्तानी बरकरार रहने पर ये टूर्नामेंट जीतना चाहेंगे। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी जबकि उसका मुकाबला पाकिस्तान से 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

## नीरज भारत में भाला फेंक प्रतियोगिता में शामिल होने शीर्ष एथलीटों से बात करेंगे



मुंबई (ए)। ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा भारत में एक कॉन्टिनेंटल टूर भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विश्व के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे। ये भाला फेंक स्पर्धा इस साल मई में होने की संभावना है। इसके लिए अभी तक आयोजन स्थल तय नहीं किया गया है। विश्व एथलेटिक्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से मिलकर इस इवेंट का आयोजन करेंगे। इसमें आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्व भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे।

इस आयोजन को लेकर नीरज ने कहा, शुरुआत से ही वह देश में एक विश्व स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता आयोजित करना चाहते थे। अब जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की सहायता से उनका ये सपना पूरा हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि मेरे साथी एथलीट और भारत में प्रशंसकों दोनों को ही इससे एक नया अनुभव होगा। अब देखना है कि ये आयोजन कितना बड़ा होता है।卐

नीरज और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स इस आयोजन को विश्व एथलेटिक्स कैलेंडर में एक वार्षिक कार्यक्रम बनाने के लिए उत्साहित हैं, जिसमें इस स्पर्धा में और अधिक ट्रैक और फ़ील्ड विषयों को जोड़ने पर ध्यान दिया गया है। वहीं इसी को लेकर जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, मैं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया को भारत में एक विश्व स्तरीय स्पर्धा लाने का यह शानदार अवसर देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने साथ ही कहा कि हमारा ध्यान स्टार खिलाड़ियों वाली लाइन-अप के अलावा, ध्यान एक ऐसी प्रतियोगिता आयोजित करने पर होगा जो प्रौद्योगिकी का उपयोग करके दर्शकों के अनुभव को और बेहतर बनाएंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नॉर्टजे और एनगिडी की दक्षिण अफ्रीका टीम में वापसी

नई दिल्ली, (ए)। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी जोड़ी एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगीडी ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वनडे टीम में वापसी की है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होगा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में है, जहां उनके साथ अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें हैं।

नॉर्टजे और एनगिडी ने चोटों के कारण पूरे घरेलू सीजन में कोई मैच नहीं खेला था। नॉर्टजे अपने बाएं पैर की उंगली की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं, जबकि एनगिडी ग्रोइन की चोट से ठीक होकर मैदान पर लौटे हैं।

15 सदस्यीय टीम की कप्तानी टेम्बा बावुमा करेंगे। इस टीम में 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो 2023 में भारत में हुए वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीम का हिस्सा थे। टोनी डी जोरजी, रायन रिक्लटन, ट्रिस्टन स्टब्स और वियान मुल्डर को पहली बार किसी बड़े 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए चुना गया है।

टीम कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, हमारी टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की भरमार है, जिन्होंने दबाव भरे मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह अनुभव ऐसे बड़े टूर्नामेंट में बेहद अहम होता है। हमने अपनी विश्व कप टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है और कुछ नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल किया है।

## पूर्व क्रिकेटर बोला, डब्लयूटीसी फाइनल में नहीं होगा तेज गेंदबाजों को लाभ

जोहांबर्ग (ए)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स ने कहा है कि लॉडर्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों को कोई ज्यादा लाभ नहीं होगा। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 11 से 15 जून तक खेला जाएगा। रोड्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों को इसलिए कोई फायदा नहीं है क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को पहले से ही तेज गेंदबाजों को खेलने की आदत है। उनके पास भी काफी अच्छे तेज गेंदबाज है जिनका सामना दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को करना होगा। उन्होंने कहा कि मैं नहीं कहूंगा कि हमें कोई फायदा मिलने वाला है।



हालांकि इस पूर्व क्रिकेट ने माना है कि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने डब्लयूटीसी चक्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। कैगिसो रबाडा ने 8 मैचों में 37 और मार्को जानसेन ने 7 मैचों में 29 विकेट लिए थे। रोड्स का मानना है कि अभी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट का ग्राफ ऊपर की ओर जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफलता से सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि मैंने भारत में बतौर खिलाड़ी और कोच देखा है कि कैसे सफलता से खेल की लोकप्रियता बढ़ती है। मुझे उम्मीद है कि एसए 20 जैसे टूर्नामेंटों से और टेस्ट टीम के प्रदर्शन में दक्षिण अफ्रीका में भी क्रिकेट आगे बढ़ेगा।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली निराशाजनक हार के बाद सितसिपास ने दी प्रतिक्रिया

मेलबर्न, (ए)। ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले ही राउंड में हारकर बाहर होने के बाद, स्टेफानोस सितसिपास निराश हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी रणनीति ठीक नहीं साबित हुई। जिसके तहत उन्होंने डबल्स से नाम वापस लेकर सिंगल्स पर ध्यान केंद्रित करना चाहा, लेकिन यह फैसला उनके खिलाफ ही चला गया।

सितसिपास ने कहा, यह विडंबनापूर्ण है। मेरा मकसद था कि ऑस्ट्रेलियन ओपन में लंबा सफर तय करूं, लेकिन लगता है कि कर्मा ने मुझे सबक सिखा दिया।

सितसिपास चार सेट के मैच में 20 साल के अमेरिकी खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से हार गए। यह हार उनके लिए चौंकाने वाली थी क्योंकि मेलबर्न पार्क में वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं।

2023 में उपविजेता और तीन बार के सेमीफाइनलिस्ट सितसिपास ने सिंगल्स पर फोकस करने के लिए अपने भाई पेट्रोस के साथ डबल्स से हटने का फैसला किया था। वह अपनी एनर्जी बचाकर टूर्नामेंट के अंत तक खेलना चाहते थे। लेकिन यह योजना अब फेल हो गई।

सितसिपास ने स्वीकार किया, मैं इस बार उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाया, जैसा मैं चाहता था। पूरा मकसद था ऊर्जा बचाना और तरोताजा रहना। लेकिन यह काम नहीं आया।

इस हार के बाद सितसिपास ने अपनी मानसिकता को लेकर भी आत्मचिंतन किया। उन्होंने कहा, पहले मेरा दिमाग ज्यादा तरोताजा और जीत के लिए भूखा था। 2019 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में जब मैं रोजर फेडरर को हराकर सेमीफाइनल तक पहुंचा था, उस वक्त की ऊर्जा और उत्साह बिल्कुल अलग था।

हालांकि, सितसिपास ने यह भी माना कि उनका जुनून अब भी वही है, लेकिन उनकी सोच और स्थिरता में बदलाव आया है।

उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में मैंने अपने करियर को अच्छी तरह स्थापित किया है। अब ऊर्जा और सोच का तरीका थोड़ा अलग हो गया है। मैं अब बेहतर खिलाड़ी हूं, भले ही हार रहा हूं।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में कमिंस के खेलने को लेकर फिलहाल कोई स्पष्टता नहीं : बेली

नई दिल्ली, (ए)। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने स्वीकार किया कि उन्हें यह नहीं पता है कि पैट कमिंस आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं। हाल ही में कमिंस ने अपने टखने की जांच कराई थी, फिलहाल उनकी फिटनेस की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।,कमिंस श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज में शामिल नहीं हैं क्योंकि उनकी दूसरी संतान का जन्म हुआ है। तेज गेंदबाज भारत के खिलाफ 3-1 की सीरीज जीत के दौरान अपने टखने की समस्या से जूझ रहे थे।कमिंस को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का कप्तान चुना गया है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू हो रहा है। हालांकि, टीम अपने पहले मैच से एक हफ्ते पहले तक बदलाव कर सकती है।ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा के बाद मीडिया से बात करते हुए बेली ने कहा, मुझे अभी कोई नई जानकारी नहीं मिली है। मैंने टेस्ट टीम की घोषणा करते वक्त जो बताया था, वही मेरे पास है। मुझे लगता है कि कमिंस ने अपनी जांच करा ली है, लेकिन मैं उन्हें थोड़ा समय देना चाहता था। जांच के नतीजों के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। कमिंस खेलने को लेकर उत्सुक हैं, लेकिन हमें इस पर काम करना होगा। आईसीसी के नियमों के चलते हमें इतनी पहले टीम का ऐलान करना पड़ता है। कमिंस के लिए अभी कोई तय तारीख नहीं है। अगर कमिंस नहीं खेलते हैं तो टी20 कप्तान और ऑलराउंडर मिशेल मार्श चैंपियंस ट्रॉफी में कप्तानी कर सकते हैं। वहीं, युवा ओपनर जेक फ्रेजर मैकगर्क को टीम में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा स्कोर नहीं कर पाए। उनकी जगह मैट शॉर्ट को टीम में शामिल किया गया है।

# संभागीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में मिर्जा जमाल बने नर्मदा रत्न

## देशभक्ति गीतों पर बॉडी बिल्डरों ने किया प्रदर्शन, देर रात 12 बजे हुआ फाइनल मुकाबला







नर्मदापुरम(निप्र)। नर्मदापुर युवा मंडल एवं जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन नर्मदापुरम के तत्वावधान में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अग्निहोत्री गार्डन फेस . 2 में स्वर्गीय आंनद सोलंकी मेमोरियल संभाग स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप नर्मदा रत्न 2025 का आयोजन किया गया। रविवार देर रात 12 बजे तक चले कड़े मुकाबले में नर्मदापुरम के मिर्जा जमाल नर्मदा रत्न बने।

बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में 55 से अधिक बॉडी बिल्डरों ने अपने शरीर सौष्ठव का जौहर दिखाते हुए हैरत अंगेज प्रदर्शन किया। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने स्वामी विवेकानंद व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। नर्मदापुर युवा मंडल के मनीष परदेशी ने बताया कि संभागीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में नर्मदा रत्न 2025 मिर्जा जमाल को चुना गया। साथी ही नर्मदापुरम के निशांत सरयाम बेस्ट मस्कुलर मैन हरदा के देव सौदे को बेस्ट इम्प्रूव बॉडी नर्मदापुरम के यश चौरे को बेस्ट पोजर का खिताब मिला। देर रात तक कड़कड़ाती ठंड में युवा बॉडी बिल्डरों ने अपने शरीर सौष्ठव का प्रदर्शन देशभक्ति गीतों के गीतों पर किया। प्रतियोगिता में मास्टर्स वर्ग में आशीष दीक्षित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। मैन फिजिक कैटेगरी में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। चैंपियनशिप के समापन अवसर पर विजेताओं को सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन अध्यक्ष मुकेश जैन सचिव विजय दिवोलिया दीपक महालहा भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत सहित अन्य अतिथियों ने विजेताओं को चमचमाती ट्राफियां व नगद पुरस्कार दिए। कार्यक्रम में सबसे पहले नर्मदापुरम की खेल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में बड़ी संख्या में दर्शक बॉडी बिल्डरों की कलात्मक शरीर साधना को देखने पहुचें। संचालन मनीष परदेशी ने किया एवं सभी का आभार दीपक हेमनानी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नर्मदापुर युवा मंडल के नंदकिशोर यादव अनिल दुबे विशाल दीवान अनिल आर्य शाहनवाज अली प्रदीप कश्यप मुकेश राठौड़ सुमित गौर सुंदरम अग्रवाल अर्जुन बस्तरबार ऋतिक गुप्ता आशीष वर्मा रूपम दुबे, पत्रकार गण सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## नर्मदा जयंती महोत्सव की बैठक प्रभारी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में आज

### प्रभारी मंत्री श्री सिंह नवनिर्मित भवनों का करेंगे लोकापर्ण

नर्मदापुरम(निप्र)। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह नर्मदापुरम जिले में दो दिवसीय प्रवास पर हैं। प्रभारी मंत्री राकेश सिंह 14 जनवरी मंगलवार को प्रात: 11:00 बजे 03 एवं 04 फरवरी 2025 को आयोजित नर्मदा जयंती महोत्सव के संबंध में बैठक लेंगे। बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। प्रभारी मंत्री दोपहर 12:00 बजे नर्मदापुरम से इटारसी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12:30 बजे उनका आगमन इटारसी होगा। प्रभारी मंत्री इटारसी में एसपीएम अस्पताल तथा एसडीएम कार्यालय के नवीन भवनों का लोकार्पण करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिंह दोपहर 2:00 बजे आरोबी सोना सावरी का निरीक्षण करेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 02:30 बजे इटारसी से केसला के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 02:50 बजे उनका आगमन केसला होगा। प्रभारी मंत्री केसला में नवनिर्मित तहसील भवन एवं अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। तथा दोपहर 03:30 बजे केसला से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



## कलेक्टर ने चाइनीज मांझे के विक्रय एवं उपयोग पर जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत अधिकारों का उपयोग करते हुए चीन निर्मित चाइनीज मांझे (पतंग उड़ाने का एक विशेष धागा) के विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहां गया है कि ऐसी स्थिति नहीं है कि इस आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक दुकानदार को दी जाए। इस प्रतिबंधात्मक आदेश को न्यायालय की सूचना पटल, समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारियों, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) तहसीलदार, समस्त पुलिस थाना, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा समस्त नगर पालिका परिषद के कार्यालय के सूचना पटल एवं अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर प्रदर्शित की जाए। उल्लेखनीय है कि जिले में पतंग उड़ाने के लिए पतंग विक्रेताओं द्वारा चीन निर्मित मांझे का विक्रय किया जा रहा है जिसे आमजन पतंग उड़ाने में उपयोग कर रहे हैं इससे उस धागे से कुछ लोगों को गंभीर चोटे आई हैं एवं मृत्यु जैसी घटनाएं भी घटित हुई है। अत: यह आदेश नर्मदापुरम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा के क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। उल्लेखनीय है कि 1 जनवरी 2025 को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम ने भी सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को आदेशित किया था कि वह अपने अनुभाग में चाइनीस मांझे का उपयोग प्रतिबंधित करें।

## आगामी पर्व एवं त्योहारो को देखते हुए जिलों में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति चाक चोबंद रहे : कमिश्नर श्री तिवारी

### मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के सभी शिविर 26 जनवरी तक आयोजित कर लिए जाए



नर्मदापुरम(निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री के जी तिवारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। कमिश ?नर ने हरदा बैतूल एवं नर्मदा पुरम जिले के कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि आगामी दिनों में मकर संक्रांति, 26 जनवरी, महाशिवरात्रि एवं अन्य स्नान पर्व है इन सभी पर्व एवं त्योहारों पर जिलों में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद रहे , कहीं से भी अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए की वह 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविर पूर्ण लें। बताया गया कि बैतूल में कुछ शिविर शेष है। कमिश्नर ने नर्मदापुरम एवं हरदा जिले के कलेक्टर्स का निर्देश दिए कि वह वन ग्राम एवं विस्थापित ग्राम में अनिवार्य रूप से शिविर लगाना सुनिश्चित कर लें। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व के अलावा अन्य योजनाओं का लाभ भी ग्रामीणों को प्राथमिकता से मिलना चाहिए। नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत सभी एसडीएम को कैंप करने के निर्देश दिए गए हैं। वन ग्राम एवं विस्थापित ग्राम में भी विशेष शिविर लगाए जाएंगे। राजस्व अभियान 3.0 के अंतर्गत लगातार राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।कमिश्नर ने निर्देश दिए कि आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज सभी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। साथ ही सीपीग्राम एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त प्रकरणों का निराकरण भी संतुष्टि पूर्वक कर हितग्राही को लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की जिन विभागों का राजस्व लक्ष्य निर्धारित है वह 31 मार्च से पूर्व अपने सभी राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति करना सुनिश्चित करें।आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि तीनों जिलों में बेहतर कार्य किया गया है।

## मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण हेतु कार्यक्रम किया गया आयोजित

नर्मदापुरम(निप्र)। महिला सशक्तिकरण अंतर्गत मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को माह जनवरी 2025 की आर्थिक सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण हेतु कालापीपल जिला शाजापुर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाए जाने हेतु कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गत दिवस 12 जनवरी 2025 को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष नर्मदापुरम में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, नगरपालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम श्रीमती नीतू यादव, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सुचित्रा यादव उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शालेय कुराश में लक्ष्य ने जीता रजत पदक

नर्मदापुरम (निप्र)। हाल ही में रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित 68वी राष्ट्रीय शालेय कुराश स्पर्धा में मध्य प्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए समेरिटन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र लक्ष्य राठौर ने 30 किलो वजन वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। लक्ष्य राठौर की कोच वैशाली तिवारी सहित इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश कुराश खेल के सचिव राहुल व्यास जिला क्रीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी समेरिटन्स विद्यालय के संचालक डॉक्टर आशुतोष कुमार शर्मा प्राचार्य प्रेरणा रावतए सचिन खंपारिया विनोद साहू, प्रमोद शर्मा ने लक्ष्य को शुभकामना देते हुए बधाई दी।



## निशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन



नर्मदापुरम(निप्र)। चिरायु हास्पिटल मेडिकल कॉलेज भोपाल, जिला अंधत्व निवारण समिति नर्मदापुरम एवं रेड क्रॉस सोसाइटी नर्मदापुरम के सहयोग से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन गत दिवस 12 जनवरी रविवार को रेड क्रॉस भवन जिला चिकित्सालय परिसर, नर्मदापुरम में किया गया। शिविर में सौ नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिसमें 34 मोतियाबिंद रोगियों को आपरेशन लेंस प्रत्यारोपण हेतू भोपाल बस द्वारा भेजा गया। डॉ. डी.सी. किंगर नेत्र विशेषज्ञ /जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले के प्रतयेक विकास खंड में प्रति माह निशुल्क नेत्र शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में रेड क्रॉस प्रभारी शेरसिंह बडकुर, राजेश आर्य, श्रीमती अनिता वाघमारे नेत्र चिकित्सा सहायक, विलास कुमार नीले उप जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं अभिषेक शुक्ला पी आर ओ चिरायु हास्पिटल का विशेष सहयोग रहा।

*अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत ने मनाया युवा दिवस*

# समाज को विकसित कर एक सूत्र में बांधे : के.के.सक्सेना

## आपसी प्रेम ही समाज की मजबूती की रीढ़ है : सुनील श्रीवास्तव

नर्मदापुरम (निप्र)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम ने युवाओं को समर्पित कार्यक्रम युवा प्रकोष्ठ के बैनर तले आज कायस्थ समाज को,विश्व पटल पर स्थापित करने वाले कायस्थ रत्न स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि महेश योगी की जयंती 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक विचार गोष्ठी आयोजन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील श्रीवास्तव प्रांत अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत मध्यप्रदेश विशिष्ट अतिथि के.के.सक्सेना मुख्य संपादक एवं प्रबंध निदेशक दैनिक क्षितिज किरण समाचार पत्र समूह भोपाल विशेष अतिथि श्री विलक्षण सक्सेना एलएलबी.एलएलएम निदेशक दैनिक क्षितिज किरण समाचार पत्र समूह भोपाल एवं विशेष अतिथि भावना सक्सेना ब्यूरो प्रमुख दैनिक क्षितिज किरण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय सचिव राजीव खरे ने की। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि महेश योगी के चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित कर की गई । इसके उपरांत सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा जिला समन्वयक विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने किया उन्होंने स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि महेश योगी के जीवन परिचय संबंध जानकारी दी एवं कार्यक्रम के बारे में सभी को अवगत कराया। रोजगार क्रांति प्रमुख कार्तिक खरे ने युवाओं को किस प्रकार रोजगार स्वरोजगार प्रदान कर सकते हैं उसकी जानकारी दी। चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय श्रीवास्तव ने भी बिजनेस संबंधित अपने विचार सभी के समक्ष प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थित युवा बालिका कुमारी श्रेया श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के ऊपर अपनी कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री विलक्षण सक्सेना निदेशक दैनिक क्षितिज किरण ने अपना ओजस्वी उद्बोधन में युवा वर्ग को जोश देते हुए बताया कि हम युवाओं को किस प्रकार नई दिशा दे सकते हैं नया कार्य प्रदान कर सकते हैं और रोजगार की नई दिशा दे सकते हैं ।कार्यक्रम की विशेष अतिथि भावना सक्सेना ने भी संबोधित किया और उन्होंने महिलाओं को बताया कि किस प्रकार बड़ी पापड़ गृह उद्योग जैसे कई उद्योगों को हम खोल सकते हैं महिलाओं को एकत्रित होकर मिलकर अपने विचार साझा करना चाहिए जिससे हम आपस में उन लोगों को रोजगार भी प्रदान करने की जानकारी दे सके। के के सक्सेना प्रबंधक एवं निदेशक क्षितिज कारण ने भी अपने विचार उपस्थित लोगों से साझा किये उन्होंने समाज को विकसित कर इस दिशा में उठा रहे युवाओं के कदम की तारीफ की युवा प्रकोष्ठ बहुत अच्छा कार्य कर रहा है उन्होंने समाज के लिए 25 कुर्सियां अपनी तरफ से भेंट की कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव ने बताया हमारे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विश्वास सारंग का एक ही सपना है वो निरंतर प्रयास कर रहे हैं हम सब मिलजुल कर रहे। आज का कार्यक्रम देख कर ऐसा लगा कि आप लोग मिलजुल कर किस तरह अपने समाज को एक परिवार की तरह रख रहे हैं और ये आपसी प्रेम ही समाज की मजबूती की रीढ़ हैं। इस अवसर पर योग्य युवा पदाधिकारी का सम्मान अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर किया गया। जिसमें सर्वप्रथम श्री विलक्षण सक्सेना, विजय श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, सजेंद्र श्रीवास्तव,जयबाला निगम,कार्तिक खरे,श्रेया श्रीवास्तव को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। जिसके पश्चात महिला पदाधिकारी को इस कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना सभी अतिथियों ने की इसके उपरांत सभी अतिथियों ने एवं समाज के लोगों ने अपने आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महा आरती की और प्रसाद वितरण के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।



इस रविवार की आरती देवेंद्र श्रीवास्तव युवा जिला कोषाध्यक्ष के द्वारा कराई गई। शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा नर्मदापुरम ने कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन कर सभी उपस्थित लोगों एवं अतिथियों को धन्यवाद दिया उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद ने एक महत्वपूर्ण बात कही थी जो मैं युवाओं से कहूंगा कि उठो,जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए उन्होंने महिला जिला अध्यक्ष लता सक्सेना एवं युवा जिला अध्यक्ष भानु श्रीवास्तव को शुभकामनाएं दी और आगे भी इसी तरह एकजुट होकर लेकर कार्य करने की सलाह दी। साथ ही कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि द्वारा लता सक्सेना,मीनाक्षी निगम,मृदुला वर्मा, कल्पना श्रीवास्तव,सपना श्रीवास्तव,अल्पना श्रीवास्तव, जयश्री श्रीवास्तव,अपर्णा श्रीवास्तव,रमा श्रीवास्तव,रक्षा श्रीवास्तव,विजयश्री श्रीवास्तव,सुलेखा श्रीवास्तव,विजया श्रीवास्तव,प्रतिभा खरे को नियुक्त पत्र दिए गए।

## मध्यप्रदेश पर्यटन और जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा




नर्मदापुरम(निप्र)। जिले को एक जिला एक उत्पाद में नर्मदापुरम के पर्यटन को जोड़ा गया है इसके तहत मध्यप्रदेश टूरिज्म एवं जिला प्रशासन द्वारा लागातार पर्यटन के क्षेत्र में गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। पर्यटन क्षेत्रों में सुरक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में लोगों को प्रशिक्षण देकर जोड़ा जा रहा है। इसी तारतम्य में पचमढ़ी में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन परियोजना के तहत मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला प्रशासन इंडियन ग्रामीण सर्विसेस के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करना है। पर्यटन स्थल पचमढ़ी में इस योजना को स्थानीय स्तर पर सहयोगी संस्था सेप्स - इंडिया के द्वारा संचालित किया जा रहा है। संस्था के संचालक सलीम खान ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के दिशा- निर्देशानुसार 25 महिलाओं को हाउसकीपिंग ट्रेड के लिए निशुल्क प्रशिक्षित किया जा रहा है, प्रशिक्षण की अवधि 30 कार्य दिवस है।प्रशिक्षण अवधि के दौरान सभी प्रशिक्षार्थियों को हाउसकीपिंग कार्य के प्रैक्टिकल प्रशिक्षण हेतु पचमढ़ी के चुनिंदा पर्यटन स्थलों पर भेजा जाएगा। जिससे वह अपने कार्यक्षेत्र को बेहतर तरीके से सीख और समझ सकें, साथ ही महिलाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु सेल्फ - डिफेंस का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षार्थियों को रोजगार भी जोड़ा जाएगा। वहीं आई जी एस संस्था से रोहित ने बताया कि महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन परियोजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना संस्था का उद्देश्य है लगातार पर्यटन स्थलों पर संस्था द्वारा महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण आयोजित कराए जा रहे हैं। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद से जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित एवं सुरक्षा महसूस हो ताकि वह पर्यटन स्थलों पर दिल खोलकर घूम सकें एवं पर्यटकों के लिए नए नए पर्यटन स्थलों को निकालने के कार्य मध्यप्रदेश पर्यटन एवं जिला प्रशासन सतत प्रयासरत है।

### पचमढी पर्यटन स्थल पर हाउसकीपिंग ट्रेड के लिए निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com